


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
भारतीय अभिनेत्री कोयल मल्लिक कोलकाता में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई



**देश-विदेश**
राहुल गांधी की अग्निपथ योजना पर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग, कहा- सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर होने के नाते उठाएं कदम



**फीचर पेज**
इंस्टेंट नूडल्स खाने के हैं शौकीन तो पहले जान लें इसके नुकसान



# एक्शन में पीएम मोदी, आज कर रहे बैक-टू-बैक 7 बैठक, 100 दिन का एजेंडा भी शामिल

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में केंद्र में 'तीसरी बार - मोदी सरकार' का अनुमान लगाया गया है। असल तस्वीर तो 4 जून को साफ होगी, जब मतगणना के परिणाम आएंगे। इस बीच, पीएम मोदी एक्शन मोड में आ गए हैं। पीएम मोदी रविवार को एक के बाद एक सात बैठकें करने जा रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें से एक बैठक नई सरकार के पहले सौ दिन के एजेंडे पर केंद्रीत है। इसका मतलब यह है कि पीएम



मोदी केंद्र में एक बार फिर एनडीए सरकार बनने को लेकर आश्वस्त हैं। भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी आज विभिन्न विषयों पर 7 बैठकें करेंगे। पहली बैठक पिछले दिनों आए चक्रवात के बाद की स्थिति पर होगी।

पीएम मोदी खासकर पूर्वोत्तर के राज्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद देश में लू और भीषण गर्मी के हालात पर समीक्षा बैठक करेंगे। एक बैठक विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारियों को लेकर होगी। फिर 100-दिवसीय कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबा विचार-मंथन सत्र आयोजित किया जाएगा।

## चीन की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के सबसे बड़े क्रेटर पर उतरा चांग ई-6

**बीजिंग।** चीन का चंद्रमिशन चांग ई-6 सफलतापूर्वक चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतर गया है। जिस जगह चीन का चंद्रयान उतरा है, वह चांद का दूरस्थ इलाका है। इस मिशन के साथ ही चीन ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग लगाई है। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि चांग ई-6 चांद के दक्षिणी ध्रुव के एटकेन बेसिन क्रेटर पर उतरा। यह क्रेटर अभी तक का ज्ञात सबसे बड़ा क्रेटर है। चीन अपने चंद्रमिशन के जरिए चांद के दक्षिण ध्रुव की सतह से नमूने इकट्ठा करके लौटेगा। चीन के चांग ई 4 मिशन ने साल 2019 में पहली बार चांद की सतह पर लैंडिंग की थी। अब चांग ई 6 मिशन के जरिए चीन चांद की सतह से करीब दो किलो नमूने भी लेकर आएगा।

# बाज नहीं आ रहे हूती, हिंद महासागर-लाल सागर में छह अभियान चलाने का दावा, तीन जहाजों पर बोला हमला

**काहिरा, 02 जून [एजेंसी]।**

इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच फलस्तीन के समर्थन में यमन के हूतियों ने लाल सागर और हिंद महासागर में छह अभियान चलाए। इस दौरान एक अमेरिकी विमानवाहक पोत, एक युद्धपोत और तीन जहाजों को निशाना बनाया। यह जानकारी ईरान समर्थित समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने दी।

ईरान गठबंधन हूती संगठन लाल सागर में नवंबर से लगातार ड्रोन हमले कर रहा है। इससे जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस्राइल-हमास युद्ध के बढ़ने की आशंका है, इससे मध्य-पूर्व एक बार फिर अस्थिर हो सकता है। इस साल मार्च में हूती संगठन के एक नेता ने कहा था कि वह इस्राइल से जुड़े जहाजों को रोकने के लिए वह हमले तेज कर रहा है। याह्या सारी ने शनिवार को कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तर में स्थित अमेरिकी विमानवाहक पोत आइजनहावर को कई मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला पिछले 24 घंटों में दूसरी बार किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि अन्य अभियानों में लाल सागर में एक अमेरिकी युद्धपोत और अबलियानी जहाज को निशाना बनाया गया है। साथ ही मैना जहाज को भी निशाना बनाया गया।

## सरोजिनी नगर मार्केट में एचडीएफसी बैंक की लोन देने वाली ब्रांच में लगी आग, फाइलें जलीं

**दक्षिणी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट में स्थित एचडीएफसी बैंक की लोन देने वाली ब्रांच में आग लग गई। इसमें ब्रांच के अंदर रखी कई फाइलें जल गई। ब्रांच में आग रविवार की सुबह साढ़े सात बजे लगी है। आग फ्रीज में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी है। बताया जा रहा है कि आग लगने से महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जल गए। 30 से अधिक लोन देने वाली फाइल जलने से ब्रांच के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है। वहीं, फ्रीज, काफी मशीन, हाटकेस, फर्नीचर आदि सामान भी जलकर गया है। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया और दमकल विभाग को ताले तोड़कर अंदर घुसना पड़ा।

# आज तिहाड़ जाकर करूंगा सरेंडर, जेल में मुझे रहेगी आप सबकी चिंता, दिल्ली की जनता को सीएम केजरीवाल का भावुक संदेश

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं। सुप्रीम कोर्ट से सीएम केजरीवाल को 10 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मिली अंतरिम जमानत एक जून को खत्म हो गई है। अब आज दो जून को उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर करना होगा। सरेंडर करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता और कार्यकर्ताओं को भावुक संदेश दिया है। दिल्ली सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मैं 21 दिन चुनाव प्रचार के लिए बाहर आया। माननीय सुप्रीम कोर्ट का बहुत बहुत आभार। आज तिहाड़ जाकर सरेंडर करूंगा। दोपहर 3 बजे घर से निकलूंगा। पहले राजघाट जाकर



महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दूंगा। वहां से हनुमान जी का आशीर्वाद लेने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाऊंगा। और वहां से पार्टी दफ्तर जाकर सभी कार्यकर्ताओं और पार्टी के नेताओं से मिलूंगा। वहां से फिर तिहाड़ के लिए रवाना होऊंगा। आप सब लोग अपना ख्याल रखना। जेल में मुझे आप सबकी चिंता रहेगी। आप खुश रहेंगे तो जेल में आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की। एक याचिका में नियमित जमानत की मांग की तो दूसरी याचिका में चिकित्सा के आधार पर 7 दिन की अंतरिम जमानत की मांग की। स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने वाली याचिका पर शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला 5 जून तक सुरक्षित रखा लिया।

# चार जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती चुनाव आयोग ने अधिकारियों को जारी की हैंडबुक

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा की 543 सीटों के लिए सात चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इसके साथ ही कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी संपन्न हुए हैं। अब उम्मीदवारों का सियासी भविष्य ईवीएम में कैद है। इस बीच, चुनाव आयोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा उपचुनावों के लिए मतगणना चार जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। लोकसभा



चुनाव के साथ-साथ सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती रविवार सुबह छह बजे शुरू होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव आयोग ने कहा कि मतगणना के रुझान और नतीजे आयोग की वेबसाइट के साथ-साथ मतदाता हेल्पलाइन ऐप आईओएस और एंड्रॉयड मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे।

## भाई के विवादों पर बोले पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हम कानून के साथ, जांच कर कार्रवाई करें



**छतरपुर, 02 जून [एजेंसी]।**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने विगत रोज बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम में भाई शालिगराम के द्वारा की गई मारपीट की घटना पर बयान जारी किया है।

उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से साफ कहा कि उनके भाई शालिगराम पर जो आरोप लग रहे हैं, कानून उसकी जांच कर वैधानिक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि हम भाई के इस कृत्य से दुःखी हैं और भाई के नहीं बल्कि देश के कानून के साथ हैं।

इस मामले में पुलिस निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे कानून तोड़ने वालों के खिलाफ हैं। भाई के बर्ताव से उनका मन खिन्न है। उन्होंने कहा कि भारत में कानून है और हम कानून के साथ हैं। इस मामले की पूर्ण जांच हो और वैधानिक कार्रवाई की जाए। पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए निकले हैं जिसकी यात्रा निरंतर जारी है और इस यात्रा में बड़े संघर्ष हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि गांवदारी, परिवार और उनके साथ रहने वाले लोगों के कृत्यों को एवं अन्य असंवैधानिक विषयों को हमसे न जोड़ा जाए, जिसने जो किया है, उसका फल उसे अवश्य मिलेगा। हम अपने मार्ग पर तब तक चलेंगे, जब तक हमारे इस शरीर में प्राण रहेंगे।


# फतेहगढ़ साहिब सरहिंद में बड़ा हादसा, दो मालगाड़ी और एक यात्री ट्रेन टकराई, पायलट समेत कई घायल




**फतेहगढ़ साहिब , 02 जून [एजेंसी]।**

फतेहगढ़ साहिब में बड़ा हादसा हुआ है। सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर माधोपुर चौकी नजदीक रविवार तड़के करीब 3.30 रेल हादसा हुआ है। यहां दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। एक माल गाड़ी का इंजन पलट गया और पैसेंजर गाड़ी भी लपेट में आई। हादसे में दो लोको पायलट घायल हो गए। इनकी पहचान सहारनपुर यूपी के विकास कुमार (37) और हिमांशु कुमार (31) के तौर पर हुई है। इन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया। सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब में मौजूद डॉक्टर इवेनप्रीत कौर ने बताया कि विकास कुमार के सिर में हेड इंजरी आई है। हिमांशु की पीठ पर इंजरी है, हालत गंभीर है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा मालगाड़ियों के लिए बने डीएफसीसी ट्रैक के न्यू सरहिंद स्टेशन के पास हुआ। यहां पहले से कोयले से लोड दो गाड़ियां खड़ी थीं।

## मतगणना स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी, धारा 144 लागू



**गाजियाबाद।** चार जून को हापुड़ रोड स्थित गोविंदपुरम अनाज मंडी में मतगणना के दिन कविनगर थानाक्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी ने मतगणना के चलते धारा 144 लगाने का आदेश जारी किया है। इसके तहत मतगणना स्थल के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर का प्रयोग भी प्रतिबंधित किया गया है। धारा 144 का आदेश पांच जून की आधी रात तक लागू रहेगा। चार जून के लिए पुलिस ने 17 बिंदुओं पर यह गाइडलाइन जारी की है। पुलिस की गाइडलाइन के प्रमुख बिंदु यह हैं। मतगणना के चलते थाना कविनगर क्षेत्र को नो ड्रोन जोन/अस्थायी रेड जोन घोषित किया गया है।

## आईईडी ब्लास्ट, शौच करने गया ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर 02 जून।** नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को निशाना बनाने के लिए लगाए गए आईईडी की चपेट में ग्रामीण आ गया, जिससे उसके दाएं पैर के चिथड़े उड़ गए। तर्रेम थानाक्षेत्र के तोयानाला के पास घटना हुआ है । पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की जानकारी देते बताया कि चुटवाई निवासी माड़वी नंदा शौच के लिए गया था, इस दौरान सड़क किनारे लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गया। आईईडी के फटने उसका दांया पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है। युवक को CPRF के फील्ड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है।

# तेज धूप में दिनभर खेत में काम किया, घर आकर नहाने के बाद बिगड़ी तबीयत और हो गई मौत

**उमरिया, 02 जून [एजेंसी]।**

मुख्यालय से सटे कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धनगी में हीट स्ट्रोक से प्रदीप सिंह पिता रामस्वरूप सिंह निवासी धनगी के मौत होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि प्रदीप सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक तेज़ धूप में खेत पर काम कर रहा था। देर शाम आने के बाद रात को नहाकर खाना पीना खाया उसके बाद अचानक उसे



उल्टियां आने लगी।

अचानक बेटे की तबियत बिगड़ता देख मां लोगों से मदद मांगने दौड़ी, कुछ देर बाद जब उसकी मां वापस घर आई तो इकलौते बेटे की मौत हो चुकी थी। अकारण नाबालिग बेटे की मौत को हीट स्ट्रोक से मौत होने की बात कही जा रही है। पिछले एक हफ्ते से 40 डिग्री पार तापमान वन्य प्राणियों के साथ साथ इंसानी जीवन के लिए भी खतरा बना हुआ है। प्रदीप के पिता रामस्वरूप सिंह मुंबई स्थित किसी कंपनी में काम करते हैं।

जानकारों की माने तो हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक लगना गर्मी के मौसम की प्रमुख बीमारी है। हीट वेव लगने का प्रमुख कारण शरीर में नमक और पानी की कमी होना है। पसीने के रूप में नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से निकलकर खून की गर्मी को बढ़ा देता है। सिर में भारीपन महसूस होने लगता है, नाड़ी की गति बढ़ने लगती है, खून की गति भी तेज हो जाती है।

## सड़क पर कार ने परिवार के तीन लोगों को उड़ाया, कैमरे में कैद मंजर

**अहमदाबाद, 02 जून [एजेंसी]।**

अहमदाबाद के निकोल में हिट एंड रन की खौफनाक घटना सामने आई है। यहां कार चालक ने एक परिवार के तीन लोगों को कुचल दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। हालांकि लोगों ने कार चालक का पीछा भी किया, लेकिन वह भाग गया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। यह घटना निकोल में गुरुकुल सर्कल के पास हुई है। यहां एक परिवार रात को टहलने निकला था।

# भीषण गर्मी में ट्रेनों की बिगड़ी चाल

## घंटों देरी से चल रही ट्रेनें, लेटलतीफी से यात्री हो रहे बीमार



**रायपुर, 02 जून [एजेंसी]।**

समर सीजन में ट्रेनों में सफर करना यात्रियों को भारी पड़ रहा है, क्योंकि लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें पांच से दस घंटे लेट आ-जा रही है। सबसे अधिक 20 से 25 घंटे लेट से आजाद हिंद एक्सप्रेस आ-जा रही है। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से बना हुआ है। इसके कारण सामान्य श्रेणी में सफर करने वाले यात्री तपकर बीमार हो रहे है। रोज कोई न कोई यात्री बीमार होकर स्टेशन में उतर रहे है। ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन में काफी भीड़ बढ़ गई है। आलम यह है प्लेटफार्म में खड़े होना तक मुश्किल हो रहा है। गर्मी की छुट्टी होने की वजह से सभी एक्सप्रेस पूरी तरह से ट्रेनें पैक चल रही हैं। वहीं लेटलतीफी के कारण तपती दोपहरी से लेकर आधी रात तक लोगों को वेटिंग हाल या फिर प्लेटफार्म में सोना पड़ रहा है। परिवार के साथ आए लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। पिछले कई महीने से रेलवे ट्रेनों को समय पर नहीं चला पा रहा है। यात्रियों को ट्रेन के इंतजार में चार से 13 घंटे तक स्टेशन में ही गुजरना पड़ रहा है। शनिवार को भी यही स्थिति रही। हावड़ा, मुंबई, पुणे व दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनें घंटों देरी से रेलवे स्टेशन पहुंची। एक्सप्रेस ट्रेनों के समय पर नहीं आने से यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नाराजगी इस बात को लेकर ज्यादा है कि भीषण गर्मी में भी रेलवे की व्यवस्था बे-पटरी हो गई है।

## सीएम हाउस के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, मचा हड़कंप

**भोपाल 02 जून।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सीएम हाउस के पास हादसा हो गया। यहां रफ्तार में जा रही कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना भोपाल के श्यामला हिल्स इलाके में शनिवार रात हुई। यहां एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार बेहद तेज थी, जिसकी वजह से टकराने के बाद बाइक चला रहे शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# गोवंश की तस्करी में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई नही नाराज व्यक्ति ने पुलिस का कराया ध्यानाकर्षण

### भीषण गर्मी में निकाली दण्डवत यात्रा

कोरबा। गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य की सरकार के द्वारा जहां तमाम तरह की योजनाओं पर कार्य हो रहा है वहीं गौ तस्करी में कुछ लोग दबंगई कर रहे हैं। इस उबालने वाली गर्मी में 45 डिग्री तापमान में जब डामर और सीमेंट कांक्रीट वाली सड़क किसी तपती भट्ठी से कम नहीं तब गौ-वंश की तस्करी में संलिप्त पार्षद और उसके पिता की गिरफ्तारी व कार्रवाई के लिए पुलिस-प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराने कर नापते हुए दण्डवत यात्रा करनी पड़ी है।



गौ वंश की रक्षा के लिये गौ-सेवकों ने सडक् पर दण्डवत् यात्रा कर लेटते हुए आगे बढक्र कटघोरा से कोरबा के बीच की दूरी तय करने का संकल्प लिया। गौ-तस्करी में सम्मिलित नगर पंचायत के पार्षद व उसके पिता के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग हो रही है। गौ रक्षक उमेश बिसेन व मेघा चौहान का आरोप है कि कटघोरा क्षेत्र में दुकालू केवट व उसके पुत्र संतोष केवट एवं अन्य साथियों के द्वारा गौ तस्करी का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। मौके पर गौ रक्षकों ने रोका तो दबंगई दिखाकर इधर से उधर भाग गए, जिसकी रिपोर्ट कटघोरा थाना में किया गया।

कटघोरा थाना के द्वारा कोई भी कार्रवाई उनके विरुद्ध नहीं करने से मजबूरन दंडवत यात्रा निकालना पड़ा है। उनका कहना है की गायों की रक्षा हो, उन्हें तस्करी से बचाया जाए,आरोपियों को सजा दी जाए, उचित न्याय मिले इस हेतु कटघोरा से कोरबा तक दंडवत यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दंडवत यात्रा के माध्यम से वे कोरबा एसपी कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय तक जाएंगे,आगे कार्यवाही नहीं होने पर गृह मंत्री, मुख्यमंत्री तक आवेदन करेंगे।नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड-05 के पार्षद संतोष केंवट और उसके पिता दुकालू केंवट के विरुद्ध मेघा चौहान निवासी ढोढ़ीपारा की रिपोर्ट पर कटघोरा थाना में धारा 34, 506 भादवि तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। घटना दिनांक 23 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे ग्राम बिंझपुर में नदी किनारे दुकालू राम व पुत्र संतोष कुमार केंवट द्वारा नन्दी सहित 150 गौ-वंश को मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक तस्करी के इरादे से ले जाया जा रहा था। दुकालू केंवट के पास कथित तौर पर मवेशी व्यापार का लायसेंस है, जिसकी आड़ में गौ-वंश की खरीदी-बिक्री तस्करों के लिए वह करते आ रहे हैं। कथित लायसेंस और झूठ व पहुंच के बल पर किये जा रहे गौ-तस्करी के विरुद्ध गौ-सेवकों ने कार्रवाई कराने का बीड़ा उठाया है।

### समस्यामूलक बनी फोरलेन सड़क

कोरबा। कोयलांचल के लोगों के लिए निर्माणधीन फोरलेन कोरबा-कुसमुंडा मार्ग किसी बुरे सपने से कम नहीं है। फोरलेन को लेकर जो जन अकांक्षाए थी वह तो फिलहाल पूरी होती नजर नहीं आ रही है, इसके उलट मार्ग पर चलना तनिक भी आसान नहीं रह गया है। धूल के गुबार के कारण जिंदगी कब तमाम हो जाए, कहा नहीं जा सकता। पग-पग पर खतरा बना हुआ है।जिले की बहुप्रतीक्षित निर्माणधीन फोरलेन कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर उड़ रही भारी धूल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यहां दो तीन मुख्य व्यवधानों को छोड़ दें तो सड़क पूरी तरह से बन चुकी है। ऐसे में भारी और चार पहिया वाहनों की रफ्तार बेहद बढ़ गई है, जिससे सड़क किनारे पड़े धूल डस्ट उनके पहियों से सीधे दोपहिया वाहनों के चेहरों पर पड़ रही है और उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा जा रहा है, जिससे वे कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। सर्वमंगला मुख्य मार्ग की उड़ती बेतहाशा धूल से हर कोई परेशान है। सड़क से उडने् वाली धूल की रोकथाम के लिए ग्रामीणों ने आंदोलन भी किए, जिसमें आश्वासन रूपी समाधान की बात कही गई थी। कुछ दिन काम हुआ भी परंतु उसके बाद स्थिति जस के तस ही है।

# माही ने जीता मिस यूनिवर्स का खिताब

### नेपाल सहित कई स्थानों से आये प्रतिभागियों को पछाड़ा



कोरबा। कोरबा नगर की माही सावरिया ने एक बार फिर जिले और राज्य का नाम रौशन किया है। उसने इस बार मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है। माही ने कई राज्यों के प्रतिभागियों को पछाड़ कर यह खिताब अपने नाम किया है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के होटल रेडिशन ग्रुप इन मेपल न्यू दिल्ली में 28 मई को हुआ था। आयोजक वर्षा पाण्डेय की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई।देश भर से प्रतिभागी शामिल होने पहुंचे थे जिनमें 40 से अधिक प्रतिभागी मॉडल शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के कोरबा, राजनांदगांव, जगदलपुर के अलावा दिल्ली, जयपुर, राजस्थान, पंजाब, नोएडा, नेपाल, मुंबई, जबलपुर आदि स्थानों से भी मॉडल प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे थे। सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन पर माही सावरिया को मिस यूनिवर्स का खिताब मिला और मिस्टर यूनिवर्स का खिताब राजनांदगांव के प्रतिभागी ने जीता। प्रतियोगिता मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स कैटेगरी में आयोजित हुई थी। इससे पहले गोवा में आयोजित हुए मिस्टर-मिस-मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2023 ब्यूटी प्रजेंट कांटेस्ट में भी 22 वर्षीय माही सांवरिया ने अपना जलवा बिखेरा था।

# कुडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक

कोरबा ।द्वितीय राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप किफ़ी कुडो एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं हिमाचल प्रदेश कुडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित ग्रीन हिल्स कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग में आयोजित किया गया। कोरबा ज़िले से कुडो संघ ज़िला अध्यक्ष एवं लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल के मुख्य कोच प्रेमराज बंजारे ने बताया यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 मई से 31 मई तक आयोजित की गई ,जिसमें पूरे देश भर से लगभग 3000 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया।छत्तीसगढ़ प्रदेश से कुल 80 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया जिसमें कोरबा ज़िले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल कोरबा एवं डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम बालको के 12 कुडो खिलाडियो में से 10 खिलाड़ियो ने पदक प्राप्त कर ज़िले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है जिसमे चार स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और साथ ही पांच कांस्य पदक जीतकर कोरबा जिले का मान बढ़ाया हैं।




कोच प्रेमराज बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया की कडो खेल दस प्रकार के बेस्ट मार्शल आर्टस से बना हुआ है, कूडो खेल भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त है, इस खेल के चेयरमैन एवं मुख्य संरक्षक भारत के लोकप्रिय अभिनेता अक्षय कुमार हैं।कोरबा जिले के खिलाड़ियो द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष नौशाद खान, उपाध्यक्ष बसंत शर्मा, सचिव सुरेश क्रिस्टोफ़र, कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ाधिकारी के.आर. टंडन, छत्तीसगढ़ राज्य कुडो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे, कार्यकारी अध्यक्ष अजीत शर्मा, उपाध्यक्ष किरण निराला, ज़िला सचिव देवशीष कश्यप, वर्ल्ड कराते चैंपियन स्नेहा बंजारे, कोच रानी मरकाम, रिया श्रीवास, विश्वजीत मंडल,सागर शर्मा, जसमीत सिंह सहित बच्चो के अभिभावको ने बधाई एवं शभकामनाएँ दी।

# जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज हुए सेवानिवृत ,दी गई बिदाई

कोरबा। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज 31मई को शिक्षा विभाग में 37 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा व्यायाम शिक्षक संघ ने उनके अधिवार्षिकी आयु पर सम्मान समारोह होटल टाप इन टाउन में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज का पुष्पगुच्छ व पुष्प माला से अभिवादन करते हुए शॉल एवं श्रीफल भेंटकर कर सम्मान किया गया। भारद्वाज को स्मृति स्वरूप व्यायाम शिक्षक संघ द्वारा उपहार भी भेंट किया गया। इस अवसर पर दीनू पटेल जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा के आर टंडन सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी भी मंचासिन रहे। उन्होंने उद्बोधन में कहा एक शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है शिक्षा की धारा अनवरत बहती रहती है। इस अवसर पर जीपी भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने प्राथमिक शाला के शिक्षक पद से शिक्षा विभाग में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। व्याख्याता, प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्य करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बने। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कोरबा में 12 साल तक बतौर शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरी ( कटघोरा) में काम किया और यहां से जिला शिक्षा अधिकारी के तौर पर सेवानिवृत्त हो रहा हूं। भारद्वाज ने जिला शिक्षा अधिकारी के रूप कार्य करने के दौरान निर्विवाद रूप से खेल का संचालन में सभी के सहयोग के लिए आभार जताया। के आर टंडन सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा जीपी भारद्वाज सरल सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी हैं जो वर्तमान पड़ोसी जिला सक्ती के स्थानीय रहने वाले हैं। शिक्षा विभाग के मुखिया के रूप में उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है। इस अवसर पर राम कृपाल साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष, देवेन्द्र महतो जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अनुप राय, देवेन्द्र सिंह राजपूत, सतपाल सिंह कंवर (लेखापाल) सनत कालेलकर जिला सचिव आदि उपस्थित रहे। उनके दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की गई। उक्त जानकारी सनत कालेलकर जिला सचिव ने दी है।



# नवापारा हायर सेकंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस पर सेमिनार



कोरबा। करतला और रामपुर क्षेत्र में इस वर्ष बोर्ड कक्षा (दसवीं और बारहवीं) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में 31 मई शुक्रवार को प्रात- 8 से 12 बजे तक कैरियर गाइडेंस व विषय चयन के लिए सेमिनार का आयोजन राठिया (कंवर) विकास समिति जिला कोरबा के तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में बच्चों को उनकी योग्यता के तहत कैरियर बनाने का मार्गदर्शन दिया गया। सेमिनार में दुबराज राठिया (व्याख्याता) ने कक्षा दसवीं के बाद जनरल विषय 11वीं-12वीं के अतिरिक्त दसवीं-बारहवीं बेस पर पॉलिटेक्निक कोर्स कर जूनियर इंजीनियर, आईटीआई कर विभिन्न ट्रेड के साथ कुशल श्रमिक होने का प्रमाण लेकर विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, रेल्वे आदि में जॉब, पैरामेडिकल में डिप्लोमा हासिल कर चिकित्सा सहायक तथा शार्ट टर्म कोर्स कर होटल मेनेजमेंट, फोटोग्राफी, साइबर सेक्रेटरी आदि में जॉब प्राप्त करने की जानकारी प्रदान की। रामलाल राठिया (शिक्षक) ने जनरल कोर्स जैसे ग्यारहवीं व बारहवीं में विज्ञान संकाय लेकर नीट, नर्सिंग, बीएएसी-एमएससी डिग्री हासिल कर शिक्षक, व्याख्याता, प्रोफेसर आदि बनने, मानसिंह राठिया (व्याख्याता) ने गणित संकाय लेकर जेईई की परीक्षा में चयनित होकर इंजीनियर, डिफेंस में चयन, बीएससी-एमएससी कर स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा में जाब, पत्रकारिता कोर्स कर अपना भविष्य सुरक्षित रखने कहा।इसी प्रकार यादनसिंह राठिया (सीएसी) ने वाणिज्य विषय पढ़ने के बाद सीए, सीएस लेक्चरर, व्यवसायी, करमसिंह राठिया (शिक्षक) ने कला संकाय से स्नातक पढ़ने के बाद सीजी पीएससी से डिप्टी कलेक्टर, उप पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार, संघ लोकसेवा परीक्षा से आईएएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे पदों पर चयनित होने, मनमोहन सिंह राठिया (व्याख्याता) ने एग्रीकल्चर विषय लेकर पढ़ने के बाद पीएटी से चयनित होकर कृषि वैज्ञानिक, विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन आदि क्षेत्रों में व्यापक नौकरी की संभावना पाने उचित मार्गदर्शन दिया। इस सेमिनार में जुबराज राठिया, मानसिंह राठिया, रामलाल राठिया, यादनसिह राठिया, करम सिंह राठिया, मनमोहन सिंह राठिया, परमेश्वर सिंह राठिया सरपंच केरवांद्वारी, सागर सिंह राठिया, भोज सिंह राठिया, दादूलाल पटेल, देवप्रसाद राठिया, राकेश राठिया, छेदीलाल दीवान तथा आसपास के कक्षा दसवीं और बारहवीं में उत्तीर्ण विद्यार्थी उपस्थित रहकर दिल में संजोए भविष्य के सपनों की झलक देखे।

### कोल इंडिया में एक और सहायक कंपनी की स्थापना

कोरबा। कोल इंडिया ने कोयला उत्पादन के साथ कोयला से गैस के उत्पादन को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के साथ मिलकर भारत कोल गैसी फिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड नामक एक सहायक कंपनी की स्थापना की है। कोल इंडिया ने कोयला से रसायन व्यवसाय शुरू करने के लिए सहायक कंपनी भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड को शामिल करने की घोषणा की।कोल इंडिया ने फरवरी में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें कोल इंडिया की 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बीएचईएल के पास रहेगी। कंपनी का रजिस्टर्ड मुख्यालय ओडिशा में कोल इंडिया की एमसीएल क्षेत्र में स्थित लखनपुर में होगा। कंपनी का अधिकृत शेयर पूंजी 11 करोड़ और पेडअप कैपिटल एक लाख है। बीसीजीसीएल कोल इंडिया की नौवी सहायक कंपनी होगी। वर्तमान में बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल, एनसीएल, एमसीएल, सीएमपीडीआई, एसईसीएल और एनईसी समेत कोल इंडिया की आठ अनुषंगी कंपनी है। 26 मार्च 2024 को कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद की अध्यक्षता में कंपनी की 463वीं बोर्ड मीटिंग में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

# एसईसीएल गेवरा में फोरमेन व पर्यवेक्षक के खाली पदों में होगी भर्ती

### मेनपावर बजट में पात्र विभागीय कर्मियों को मिलेगा मौका

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के एसईसीएल गेवरा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मेनपावर बजट में खाली पद को भरा जाएगा। इससे पात्र कोयला कर्मियों को मौका मिलेगा, क्योंकि विभागीय पदोन्नति देने एसईसीएल गेवरा एरिया प्रबंधन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। मेनपावर बजट 2023-24 में फोरमेन इलेक्ट्रिकल (विद्युत यांत्रिकी) व पर्यवेक्षक श्रेणी-बी के खाली पद भरे जाएंगे।

पात्र कोयला कर्मियों को विभागीय पदोन्नति देने एसईसीएल गेवरा एरिया ने सूची जारी कर दी है। सूची में शामिल इन कर्मचारियों को 31 तक संबंधित एरिया के कार्मिक विभाग में वैद्य विद्युत पर्यवेक्षक प्रमाण-पत्र जमा करना था। इसे कार्मिक प्रमुख से अग्रेषित कराकर जमा कराना अनिवार्य किया है। साथ ही उन कर्मचारियों को भी कार्यालय में 31 मई को ही अवगत कराने कहा गया था, जिनके नाम सूची में नहीं है, जो पदोन्नति की पात्रता रखते हैं। एसईसीएल गेवरा एरिया के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने जारी सूचना में कहा है कि तय अवधि में पात्र कर्मचारियों के विद्युत पर्यवेक्षक प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने पर उनके पास पदोन्नति के लिए योग्यता नहीं होना मान लिया जाएगा और उक्त कर्मचारी को पदोन्नत करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष में कंपनी मुख्यालय से जारी मेनपावर बजट में खाली पद की जानकारी दी जाती है। इन पदों पर विभागीय पदोन्नति से उन कोयला कर्मियों को लिया जाता है, जो इसकी पात्रता रखते हैं। इससे संबंधित एरिया के कोयला कर्मियों को भी पदोन्नति पाने का अवसर मिलता है।

# दो उद्योगों का लायसेंस हुआ निरस्त

कोरबा। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश के बाद जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने तिफरा के दो गैर औद्योगिक इकाइयों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। वही 20 बंद या गैर औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न इकाइयों को नोटिस जारी किया है।गौरतलब है कि तिफरा सिरगिट्टी और सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र से लगातार उद्योगपतियों द्वारा शासन से लीज पर जमीन लेकर गैर औद्योगिक कार्य किए जाने की शिकायत मिल रही थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग विभाग को सर्वे कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला व्यापार और उद्योग केन्द्र बिलासपुर के प्रबंधक श्री एम एल कुशरे ने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम सेसिरगिट्टी और सिलपहरी के औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कराया। सर्वे के मुताबिक तिफरा में 135 सिरगिट्टी के चार सेक्टर में 433 समेत समेत कुल 568 उद्योगपतियों को उद्योग संचालित करने जमीन दी गई है। मंत्री के निर्देश पर जब विभाग ने सर्वे कराया तो कई इकाइयां या तो बंद मिली या फिर गैर औद्योगिक कार्य होना पाया गया। जिला उद्योग विभाग ने तिफरा के पूजा इंडस्ट्रीज समेत दो उद्योगों की लाइसेंस को निरस्त किया है। वही 20 इकाइयों को चेतावनी दी गई है कि वे औद्योगिक इकाइयां शुरू करें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# चरणदास ने कहा मतगणना के दौरान एक एक वोटो पर रखे नजर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने प्रवास के दौरान आज गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक ली। डॉ. महंत ने कहा कि मतगणना के समय पूरी तरह से सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। डॉ.महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के 2084 मतदान केन्द्रों में गिनती के दौरान प्रत्येक बूथ के प्रत्येक टेबल पर पूरी तत्परता और ईमानदारी से अंतिम गिनती होते तक डटे रहना है। एक टेबल पर भी यदि 10 वोट भी अगर आपकी नजर से ओझल हुए तो पूरे 2084 बूथों के हिसाब से आंकड़ा समझा जा सकता है, इसलिए पूरी तैयारी रखें। किसी भी तरह की शंका का पूर्ण रूप से समाधान करें। डॉ.महंत ने गणना अभिकर्ताओं से कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए कीमती है और मतगणना के दौरान यदि किसी भी तरह का गलत काम होते दिखे तो उसका पूरी ताकत से विरोध करें, अपना विरोध दर्ज कराने से न चूकें। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, जीपीएम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व विधायक गुलाब कामरो, गुलाब सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण, मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहे।

### नई शिक्षा नीति के बाद सरकारी स्कूल मेंबदलेगा पढ़ाई का स्टाइल

कोरबा। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्कूल में पढ़ाने का अंदाज को बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। प्राइमरी स्कूल में हमेशा की तरह बच्चे चल रे मटके टम्मक टू कविता की बजाय आज हम भालू को गिनती सिखाएंगे कविता पर डांस बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित प्राइमरी स्कूलों में शहर में संचालित प्ले स्कूल की तर्ज पर सुविधाएं दी जाएगी। नए सत्र में बच्चों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी और रुझान बढ़ाने व बच्चों का ज्ञान बढ़ाने के लिए शिक्षक क्लास रूम में डांसिंग मोड में पढ़ाई करवाएंगे। शिक्षक बच्चें के सामने नाच-नाच कर गिनती जोड़-घटवा, सामान्य ज्ञान सिखाने का प्रयास करेंगे। स्कूल खुलने से पहले शिक्षकों को इसके लिए ट्रेनिंग भी दी है। प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को एक बच्चे के बुनियादी पाठ पढने् और आधारभूत गणित के सवालों (जैसे- जोड़ और घटाव) को हल करने की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें अब नए रूप में कविता को पढ़ाने का हुनर शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर सिखाएंगे। ट्रेनिंग के दौरान प्राइमरी के शिक्षकों को पुराने समय में जहां चल ले मटके टम्मक टू कविता को छोटे-छोटे बच्चे मटक मटक कर पढ़ते थे, उसमें अब बदलाव कर दिया जाएगा। वही अब नए जमाने के नए गीतों से स्कूलों में पढ़ाई करवाने की तैयारी की जा रही है।नई शिक्षा नीति के तहत एजुकेशन सिस्टम में बदलाव किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जानी है। अब शिक्षक क्लास रूम में बच्चों को नाच गाकर व कविता के माध्यम से पढ़ाई करवाएंगे। इसके साथ ही स्कूल व शिक्षा के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने के लिए अलग-अलग एक्टिविटी के बारे में शिक्षकों को बताया जा रहा है।

### चिलचिलाती धूम में ग्रामीणों की सेवा कर रहे हैण्डपंप मैकेनिक

कोरबा। इस भीषण गर्मी में घर से निकले किसी राहगीर की नजर दो ही चीजों की तलाश में होती है। एक तो तपती धूप से बचने घना छांव और सूखते गले की राहत के लिए नलकूप। खासकर ग्रामीण इलाकों में प्यास बुझाने हैंडपंप ही शुद्ध-शीतल जल का सबसे प्रमुख माध्यम होता है। ऐसे में जब कभी किसी हैंडपंप का मुंह सूखने की सूचना मिलती है, पीएचई विभाग के हैंडपंप मैकेनिक चिलचिलाती धूप और गर्मी की फिक्र छोड़कर बिना वक्त गंवाए उस गांव की ओर दौड़ पड़ते हैं। 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में औजार थामें पसीना बहाते हैं और हैंडपंप की खराबी दूर कर ग्रामीणों के चेहरे की मुस्कान लौटा जाते हैं। पीएचई ने खासकर गर्मी के मौसम में शहर से लेकर जिले के अंतिम छोर पर बसे गांवों तक पानी की जुगत सुनिश्चित करने का निर्देश दे रखा है। किसी भी स्थिति में लोगों को पीने के पानी की दिक्कत न हो और कोई परेशानी आए भी तो पीएचई विभाग द्वारा उसके त्वरित निराकरण के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। ऐसी ही दिक्कत आने पर इन दिनों 45 डिग्री तापमान की कड़ी धूप में पीएचई के हैंडपंप मैकेनिक मरम्मत के लिए तत्काल पहुंच जाते हैं। इस मौसम में जब लोग घर से निकलने से कतरा रहे हैं तब ये कर्मचारी जज्बा दिखाते हुए गर्मी में काम कर रहे और अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आम जनता को पेयजल के लिए दिक्कत न हो इसके लिए पीएचई के हैंडपंप मैकेनिकों ने चिलचिलाती धूप में जिले के विभिन्न गांवों में मरम्मत कार्य की कमान संभाल रखी है।कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत जिल्गा से हैंडपंप खराब होने की सूचना के तुरंत बाद मैकेनिक गांव पहुंच गए।

# काउंटिंग सेंटर में तैयारी का जायजा लिया प्रशासन ने

**जांजगीर चांपा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतों की गणना करने पॉलिटेक्निक कालेज में स्थापित स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जाएंगे। आज शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला ने स्ट्रांग रूम पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने आवश्यक व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना के दिन निर्धारित समय पर अधिकारी कर्मचारियों को पहुंचने के निर्देश दिए।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना हेतु की गई व्यवस्था का अवलोकन कर मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों, मतगणना अभिकर्ता के प्रवेश तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर आकाश छिकारा ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, सेवा निर्वाचक डाक मतपत्र की गणना, टेबूलेशन आदि कार्य के संबंध में निर्देश देते हुए मतगणना कक्ष तक पहुंचने बनाये गये बेरिकेडिंग, मतगणना कक्ष, प्रेक्षक बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने परिचय पत्र के आधार पर ही संबंधित को निर्धारित स्थान में प्रवेश के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मीडिया सेंटर का निरीक्षण करते हुए सेंटर में टीवी सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के पूर्व साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर और एसपी ने पार्किंग व्यवस्था तथा प्रवेश द्वार का अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, एडिशनल एसपी श्री राजेंद्र जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**मतगणना से संबंधी शिकायतों एवं सुझाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर-चांपा में कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07817-222123 एवं 1950 टोल फ्री नंबर मतगणना से संबंधी शिकायतों एवं सुझाव के लिए कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकते है।

## दो किशोरी को अगवा कर किया अनाचार

**पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया**

**चांपा।** जिले की पुलिस ने दो किशोरियों को बरामद कर अगली कार्रवाई की। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अगवा करने के साथ दोनों किशोरी से अनाचार किया गया।

गत 30/05/24 को सुबह पीडिता के माता पिता दोनो काम करने चले गये थे घर पर नाबालिक पीडिता अकेली थी सुबह के 10 बजे आरोपी राजेश लहरे पीडिता के घर मेहमानी मे आया था दोपहर करीबन 02/30 बजे राजेश लहरे घर मे सुनेपन का फायदा उठाकर पीडिता के साथ जोर जबरदस्ती करने लगा तब पीडिता चिल्लाने की कोशिश की तो घर का दरवाजा अंदर से बंद कर पीडिता के मुह को चुनरी से दबा दिया। पीडिता छुडाकर भागने लगी तब पकड़कर जबरदस्ती दैहिक शोषण किया। जब पीडिता ने डायल 112 को फोन करने का प्रयास किया तब आरोपी ने उसके मोबाईल को लूट कर भाग गया की लिखित रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 266/2024 धारा 342,376,394 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण के आरोपी को लगातार पतासाजी किया जा रहा था, जो कि आरोपी घटना कारित कर फरार होने के फिराक मे था मुखबीर की सूचना पर आरोपी को तत्काल घेराबंदी करते हुये बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से हिरासत मे लेकर थाना लाया गया आरोपी राजेश लहरे से घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी द्धारा अपना जुर्म स्वीकार किए जाने एंव मामले मे लूट के मोबाईल को बरामद किया गया। आरोपी राजेश लहरे का कृत्य धारा सदर का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 31.05.2024 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

एक अन्य मामले में पुलिस ने असफाक नामक



आरोपी को गिरफ्तार किया है। बम्हनीडीह पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 58 धारा 363 के तहत दर्ज किया। एसपी ने बताया कि मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवम एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के उचित मार्गदर्शन में आरोपी को गठित टीम द्वारा पकड़ा गया।

विवेचना के दौरान आरोपी के द्वारा उपयोग किया जा रहा मोबाईल नम्बर के लोकेशन के आधार पर पतातलाश किया जो हैदराबाद में होना एवं दिनांक 29.05.2024 को हैदराबाद से रायपुर की ओर आना पाये जाने से हमराह स्टाप रायपुर रेल्वे स्टेशन में जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया जिसके कब्जे से अपहृता को बरामद कर सूरक्षार्थ थाना लाये अपहृता के परिजन को तलब कर अपहृता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें आरोपी द्वारा अपहृता को शादी करूंगा बोलकर अपहृता को घर से भगा ले जाना और हैदराबाद ले गया और शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 366,376,भादवि. 4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई है।



## लघु उद्योगों की झूठी शिकायत, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग

**चांपा।** जिला उद्योग संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने विगत सोमवार 27 मई को कलेक्टर आकाश छिकारा से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौपकर लघु उद्योगो के संचालन में झूठी एवं आधारहीन भ्रामक खबर फैलाकर अवैध रूप से वसूली करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

जिला उद्योग संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर आकाश छिकारा से मिला। उद्योग संघ प्रतिनिधियों ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में पैसे लोग सक्रिय है जो लघु उद्योगों के संचालन में झूठी, आधारहीन व भ्रामक खबर फैलाकर अवैध रूप से वसूली करने का कार्य कर रहे है। प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर का ध्यान अपने 2 मई के पत्र की ओर भी आकृष्ट कराते हुए बताया कि कतिपय लोग लघु उद्योग तथा नवीन उद्योगो की स्थापना पर झूठी, आधारहीन व भ्रामक खबर फैला कर लघु उद्योग की स्थापना को हतोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। इन सबके पीछे उद्देश्य जनहित की बजाय उद्योग संचालक से अवैध वसूली होता है। प्रतिनिधिमंडल ने ऐसे शिकायतकर्ताओं तथा व्यक्ति विशेष पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग करते हुए कहा कि झूठी खबरो के आधार पर उद्योगों के खिलाफ कोई कार्यवाही न कर पैसे लोगो पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए जो लघु उद्योगो के संचालन को हतोत्साहित करने का प्रयास कर अवैध वसूली में लिप्त रहते है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रतीक अग्रवाल, निकेत अग्रवाल, जे.एन. द्विवेदी आदि शामिल थे।

# सीएचसी में उपचार देने के बजाय मरीजों को किया जा रहा रेफर

**अकलतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मरीजों को ओपीडी पर्ची कटवाने लंबी लाइन लगानी पड़ती है। धूप अधिक रहने से भी लाइन में लग कर पर्ची कटवाने काफी मशक्कत करना पड़ता है। पर्ची कटवाने वाली गर्भवती महिलाओं के भी बैठने की व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पाती कुछ स्टाफ ऐसे हैं जिन्हें मुख्यालय में रहना चाहिए एवं अपनी सेवा देना चाहिए वह मुख्यालय में नहीं रहकर बिलासपुर से आवाजाही करते हैं। वे देर से अस्पताल पहुंचते हैं जिससे मरीजों को समय पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध नहीं हो पता । साथ ही मरीजों के स्वजन को उपचार के लिए भटकना पड़ता है।

शौचालय की सफाई देरी से होने पर गर्भवती महिलाओं को इसके इस्तेमाल में काफी दिक्कत होती है। अस्पताल में उपलब्ध सफाई स्टाफ पहले अकलतरा नगर की सफाई करता है उसके पश्चात अपनी सेवा अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देता है जिससे उसे सफाई करने में 10 से 11बज जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इनवर्टर एवं जनरेटर सेट लगा तो है परंतु लाइट जाने पर इसका उपयोग नहीं हो पा। कुछ दिन पूर्व भी ऑपरेशन से प्रसव कराने महिला भर्ती हुई थी। परंतु अकलतरा नगर में मेंटेनेंस के चलते लाइट गोल होने की वजह से जनरेटर एवं सोलर सिस्टम की लाइट होने के पश्चात भी उसे डिलीवरी के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ा जिससे उन्हें परेशानी हुई। स्वजन को भी इस चिलचिलाती गर्मी में 20 किलोमीटर दूर




उपचार के लिए जाना पड़ा।

अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए टीवी के मरीज आते है परंतु दवा की उपलब्धता काफी समय से पर्याप्त मात्रा में नहीं है। जिससे टीबी के मरीजों को भी दवा के लिए अस्पताल के बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है । अस्पताल परिसर के आसपास गंदगी पसरी रहती है। डीडीटी पाउडर का छिड़काव नहीं होता। सफाई का अभाव रहता है। मरीज को इस भीषण गर्मी में उपचार के लिए अकलतरा के विभिन्न गांवों से आना पड़ता है शुद्ध पेयजल मरीज एवं स्वजन को नहीं मिल पाता । तेज धूप की वजह से टंकी का पानी गर्म हो जाता है ।जो कि पीने योग्य नहीं रह पाता । स्वजन को अस्पताल से बाहर अन्यत्र जाकर बोतल बंद पानी खरीदना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को गर्म पानी उपलब्ध नहीं होता। अपने साधन से ही उन्हें गर्म पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। परिसर में कैंटीन नहीं होने से मरीजों के स्वजन को नाश्ता एवं खाना परिसर में उपलब्ध नहीं हो पाता ।साथ ही रात्रि कालीन दवा लेने भी स्वजन को निजी मेडिकल स्टोर के चक्कर लगाना पड़ता है। एक्सपायरी दवाई का निपटान प्रबंधन उचित नहीं होने से जगह-जगह एक्सपायरी दवाइयां पड़ी हैं जो कि प्रबंधन की घोर लापरवाही उजागर करती है 108 एवं 102 के कर्मचारियों को अस्पताल परिसर में ही रूम देने के पश्चात भी पुराना थाना के पास 108 की गाड़ियां रखकर वहीं आराम फरमाते हैं जिससे मरीजों को लगता है कि 108 वहां अकलतरा में नहीं है। 108 के चालक भी मरीज को कॉल करने पर एक घंटा बाद उपलब्ध होगा ऐसा करके भ्रमित करते हैं।

जिससे लेट लतीफ के चलते लोगों को निजी एंबुलेंस से की सुविधा लेनी पड़ती है। जिससे मरीजो का आर्थिक नुकसान होता है। विभिन्न दुर्घटनाओं में 112 को जानकारी प्राप्त होने पर भी 108 सुविधा का लाभ ना लेकर निजी एंबुलेंस को जानकारी देकर बुलाया जाता है जिससे रेफर मरीज को अन्य बुनियादी सुविधाएं 108 की एंबुलेंस की तुलना में नहीं मिल पाती हैं जिससे मरीजों को घायल अवस्था में भी आर्थिक नुकसान वहां उठाना पड़ता है ।घायल मरीजों को भी तत्काल प्रभाव से मलहम पट्टी की सुविधा ही मिल पाती है और अधिक सुविधा के लिए उन्हें तत्काल रेफर लेटर बनाकर हाथ में थमा दिया जाता है। अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपलब्धता होने के पश्चात भी इस प्रकार रेफर किया जाना समझ से परे है।

जीवनदीप समिति की आगामी बैठक में यह बात रखी जाएगी कि पोस्टमार्टम में प्रयुक्त सामग्री कफन का कपड़ा ,पन्नी ग्लब्स ,सर्जिकल आइटम आदि का खर्चा जीवनदीप समिति के माध्यम से वहन किया जाए ताकि स्वजन को दुख की घड़ी में आर्थिक भार वहन न करना पड़े।

राघवेंद्र सिंह
विधायक अकलतरा क्षेत्र

## अतिक्रमण रोकने पर सरपंच को गाली दी, दोषियों पर अपराध दर्ज

**जांजगीर।** ग्राम करही के सरपंच को गांव में अवैध कब्जा करने वाले लोगों को पंचायत से नोटिस जारी करना भारी पड़ गया है। जिन लोगों शासकीय जमीन पर कब्जा किया। उन्होंने ने सरपंच से गाली गलौज व मारपीट करने की धमकी भी दी है। इसके साथ ही आरोपी ने पंचायत के सामान को भी नुकसान पहुंचाया है। सरपंच ने तीन भाइयों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम करही के सरपंच प्रेमा नारायण चौहान ने गांव के शिवनाथ टंडन पिता बुधराम निवासी करही के खिलाफ ग्राम पंचायत करही द्वारा अवैध बेजा कब्जा के सबंध मे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद शिवनाथ टंडन के बेटे उपेन्द्रर, सुरेन्द्र और सुनील गुस्सा गए और वे 30 मई की रात 11 बजे सरपंच के घर पहुंचे और उससे गाली गलौज करने कर मारपीट करने की धमकी दी। साथ उन्होंने घर के पास रखे स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत मिले रिक्शे पर तोड़फोड़ कर दी। सरपंच ने इस घटना की शिकायत बिर्रा पुलिस से की। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपी के खिलाफ धारा 294, 427, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## किसानों के लिए उर्वरक का भंडारण

**अकलतरा।** खरीफ फसल के लिए राज्य शासन द्वारा शासकीय गोदामों में किसानों को यूरिया व डीएपी खाद बांटने के लिए भंडारण करने का निर्देश कलेक्टरों को दिए गए थे।

कलेक्टरों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को किसानों की मांग के अनुसार सरकारी गोदामों में यूरिया व डीएपी खाद का संग्रहण करने का निर्देश जारी करने पर नगर के रैक पॉइंट में गुजरात से कृभको कंपनी का 26 हजार 360 बोरी यूरिया मालगाड़ी के 21 डिब्बों के माध्यम से पहुंचा। रैक पॉइंट में मालगाड़ियों के डिब्बों से यूरिया की बोरियों को अनलोडिंग करने के बाद ट्रक से जांजगीर-चाम्पा जिला के शासकीय गोदामों में संग्रहण करने 13760 बोरी, सक्ति जिले में 6400 बोरी, कोरबा जिले के लिए 3600 बोरी व सारंगढ़ जिले के लिए 2600 बोरी कुल 26 हजार 360 बोरी यूरिया भेजी गई।

कृषि विस्तार अधिकारी एनके दिनकर ने बताया कि खरीफ फसल के लिए किसानों को खाद बांटने के लिए शासकीय संग्रहण केंद्र व सेवा सहकारी समितियों में यूरिया व डीएपी खाद का भंडारण करने का निर्देश जारी किया था। गुजरात से कृभको कंपनी का रैक पॉइंट में यूरिया खाद का रैक पहुंचने पर इसे जिलों में रवाना कर दिया गया।

चार जिलों में भिजवाई गई यूरिया यूरिया खाद की बोरियों का अनलोडिंग करवाने के बाद ट्रक के माध्यम से चार जिलों में यूरिया की बोरियां भिजवाई गई। मानसून के पहले राज्य शासन ने किसानों को यूरिया व डीएपी खाद बांटने के निर्देश जारी किए है। शासकीय गोदाम के साथ-साथ सेवा सहकारी समितियों में यूरिया का भरपूर मात्रा में स्टॉक कराया जा रहा है, ताकि खेत की जुताई करने के बाद किसानों के मांग करने पर किसानों को समस्या ना हो। साथ ही साथ स्टॉक कम होने की समस्या से भी किसानों को परेशानी होगी।

## बिजली विभाग के लाइनमैन लाखनलाल हुए सेवानिवृत्ति

**सक्ती।** अविभाजित मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल में अपनी सेवाओं की शुरुआत करने वाले लाइनमैन लाखनलाल बरेठ 31 मई 24 को अर्धवार्षिक आयु पूर्ण होने पर विद्युत मंडल की सेवाओं से रिटायर हो गए। उनके रिटायरमेंट पर जहां विद्युत मंडल के कर्मचारियों ने उनके स्वागत में जोरदार रैली निकाली तथा बैंड-बाजे के साथ उनको ले जाया गया।

इसके बाद विद्युत मंडल कार्यालय में उनकी विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड शक्ति के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्युत मंडल के अधिकारियों ने उनकी सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज लाखनलाल बरेठ ने लाइनमैन के पद पर रहते हुए सभी प्रकार की चुनौतियों में कदम से कदम मिलाकर काम किया। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले लाखनलाल बरेठ ने भी कहा कि आज उनकी सेवाओं के दौरान विद्युत मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों को जो सहयोग व स्नेह प्राप्त हुआ है वे उसे कभी नहीं भूल सकते।

## शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार

**बाराद्वार।** पुलिस ने 25 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। बाराद्वार पुलिस के अनुसार को डूमरपारा के खदान मोहल्ला गली निवासी राजकमार दिवाकर पिता बहरता दिवाकर 25 वर्ष अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ जेल भेज दिया है।

## लू से फिर हुई दो मौतें जिले में

**जांजगीर - चांपा।** जिले में गर्मी का कहर जारी है। जिस तरह



तापमान बढा है, उससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है, क्योंकि जिले में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है। अब तक लू से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। दो दिन पहले जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की लू से मौत हुई थी। वहीं शुक्रवार को शिवरीनारायण में एक ड्राइवर और पीआईएल के पास एक ड्राइवर और हेल्पर की मौत हो गई। उसके बाद नवागढ़ में भी लू के कारण हुए डिहाईड्रेशन और उल्टी दस्त के कारण छह लोगों की मौत हो गई। शनिवार को भी दोपहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक था।

नवतपा शुरू होने के बाद मौसम गर्मी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने हीट वेव के साथ ही यलो और आरेंज अलर्ट जारी किया है। नवतपा के आठवें दिन शनिवार को भी लोग झुलसा देने वाली गर्मी से हलाकान नजर आए। पिछले सप्ताह भर से तापमान में बढोतरी का सिलसिला जारी है। सुबह से ही गरम हवाएं की लपटें चलने लगती है। तापमान पिछले तीन - चार दिनों में सबसे अधिकतम ऊंचाई पर पहुंच गया है। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से निकल रहे हैं। गर्मी के कारण दोपहर में सड़कें सूनी हो जा रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी कूलर के साथ ही शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

मई के अंतिम सप्ताह में नवतपा के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी है। दिन चढ़ने के साथ धीरे- धीरे तापमान बढ़ने लगता है। शनिवार को भी दोपहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। गर्म हवाओं के प्रभाव से सेहत पर भी इसका असर पड़ने लगा है। दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो जाता है। मौसम विभाग ने लोगों को घर से निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दही, लस्सी या छाछ का सेवन, ओआरएस घोल पीने के साथ धूप में चश्मा लगाकर व सर पर कपड़ा या टोपी लगाकर निकलने की सलाह दे रहा है।

हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बधों, बुजुर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस भाग से होता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री से अधिक हो जाता है तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है, परिणाम स्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्ना होती है। इसमें तेज बुखार आना, बहुत तेज सर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी और ऐंठन, गरम लाल और सूखी त्वचा, जी मचलाना और उल्टी होना, घबराहट होना, एवं बुखार की सामान्य दवाइयों से बुखार नहीं उतरता है। इससे कभी - कभी मृत्यु भी हो सकती है।

## चोर गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया पुलिस ने



**सक्ती।** शहर में आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला सक्ती थाना का है। आरोपित युवक पिछले दो साल से सिल सिलेवार एक एक कर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहा था। आरोपित को पकड़ने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार रोहित अग्रवाल पिता कपुर चंद अग्रवाल वार्ड क्रमांक 15 के 11 - 12 नवंबर के मध्य किराना दुकान के गल्ला में रखे तीस जहजार रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया। इसके बाद शरद कुमार अग्रवाल पिता शिव कुमार अग्रवाल के बाराद्वार रोड़ स्थित शिव आटो पार्टस के दुकान से 29 फरवरी की रात्रि दुकान के दराज में रखे नकदी 70 हजार हजार रूपये एवं कुछ चांदी के सिक्के पुजा वाला लक्ष्मी गणेशी की मूर्ति को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इसी तरह नरेश अग्रवाल पिता विष्णुदायाल अग्रवाल 11 - 12 अप्रैल की रात्रि इलेक्ट्रानिक दुकान के गल्ला में रखे 20 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

गुलाब चंद अग्रवाल पिता स्व. विनोद कुमार अग्रवाल वार्ड क्रमांक 8 हटरी चौक सक्ती के किसान बीज भंडार से 14- 15 अप्रैल की रात में दुकान के गल्ला में रखे लगभग 12 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया । सभी मामलों में पुलिस भादवि की धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थी। एसडीओपी मनीष कंवर के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच की जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुरेनापार सक्ती निवासी देवा यादव पिता बजरंग यादव ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है और उस पैसे को वह पार्टी और शौक पूरा करने में खर्च कर रहा है। पुलिस ने आरोपित युवक देवा यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**चोरी के पैसों से खरीदा यह सामान**

चोरी के पैसों से आरोपित देवा यादव ने एक बाइक क्रमांक सीजी 11 बीजे 9187 एवं एक स्कूटी होण्डा कम्पनी का क्रमांक सीजी 11 बी जे 8626, एक फ्रिज समसंग कम्पनी, एक नग छोटा कुलर, टेंट का पर्दा, डिसको लाईट 8 नग, 2 नग एंड्रोईड मोबाईल सहित कीमती 2 लाख 58 हजार रूपये का सामान खरीदा था। पुलिस ने आरोपित के पास से उपरोक्त सामाग्री को जब्त किया है।

## गौठान में आगजनी, नियंत्रण के लिए लगी दो दमकलें

**बाराद्वार।** ग्राम बस्ती बाराद्वार में स्थित गौठान में गुरुवार की दोपहर अधिक गर्मी पड़ने से पैरावट में आग लग गई। इससे गौठान में रखा पैरा जल गया। जानकारी के अनुसार वेयर हाउस गोदाम के पीछे स्थित ग्राम पंचायत बस्ती बाराद्वार के गौठान में 30 मई की दोपहर 2 बजे अचानक आग की लपटे दिखाई देने लगी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया व 112 टीम को आगजनी की सूचना दी, जिसके बाद बाराद्वार 112 के आरक्षक विजय सांडिल्य व ड्राइवर भुवनेश्वर राठौर बस्ती बाराद्वार के गौठान पहुंचे।

उसके बाद 112 टीम ने जिला सक्ती व जिला जांजगीर चांपा के फायर ब्रिगेड को सूचना दी। 45 मिनट बाद सक्ती व जांजगीर चांपा से फायर ब्रिगेड मशीन बाराद्वार के गौठान पहुंची व एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्राम बस्ती बाराद्वार के गौठान से लगकर ही वेयर हाउस के बड़े बड़े गोदाम बने हुए है, जहां हमेशा लाखों टन चांवल भरा हुआ रहता हैं। गौठान में आग लगने के बाद दोनों दमकलों के समय पर पहुंचने के साथ आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा गौठान के एकदम बगल में ही स्थित वेयर हाउस के गोदामों पर आग पहुंचने से बडा हादसा के अलावा बडा नुकसान हो सकता था।

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा, रविवार, 02 जून 2024
# तरुण छत्तीसगढ़



## अनमोल वचन......

**किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है!**

## सचमुच गालीप्रुफ

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती। प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी-कभी दुर्दभनीय गुस्सा भी पैदा करती है।*

*शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्र करते हैं और यह भी कहते हैं कि वह गालीप्रुफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रुफ हो चुके हैं।अब चुनाव के दौर में एक-एक दिन में कई-कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका।*

*बहुत से लोग जो प्रधानमंत्री को एक ही तर्ज पर, एक ही भाषा में, लगभग एक जैसी विषयवस्तु के ईर्द-गिर्द मोटे-तगड़े, कटु-कर्कश वाक प्रहार करते ऊब गए थे, उन्होंने सचमुच राहत की सांस ली कि कम-से-कम 48 घंटे उन्हें शांति के प्राप्त होंगे।कायदे से विपक्ष को भी उस चुप्पी पर चैन की सांस लेनी चाहिए थी कि भले ही चुनाव के अंत में ही सही कुछ घंटे तो शांति मिल ही रही है, लेकिन 'झड़े में कूड़ा' फेंक दिया। कहा कि मोदी मौन रहकर कैमरे के जरिये अपना प्रचार कर रहे हैं, वो तप नहीं तमाशा कर रहे हैं और कुछ ने तो ये कह दिया कि हार के डर से भगवान की शरण में गए हैं। बहरहाल, विपक्ष का जो काम है वह कर रहा है लेकिन देश के लोग कामना कर सकते हैं कि जिस शिला पर कभी विवेकानंद ने तपस्या की थी उसी तरह से मोदी भी ध्यान-साधना समाप्ति के पश्चात ऐसे भारत की संकल्पना लेकर लौटेंगे जो सर्वसमावेशी हो, जिसकी शैली भद्रतापूर्ण लोकतांत्रिक हो, जिसकी व्यावहारिकता निंदा, आलोचना, आरोप-प्रत्यारोप की न होकर परस्पर समझदारी, सहयोग और सहकार की हो। मोदी ऐसी साधना कर रहे हों तो सफल हों।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर जाएंगे। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**वृष राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी।

**मिथुन राशि**-ाज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनाएंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। स

**कर्क राशि**-आज आपका दिन हर्ष से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा की जिंदगी में नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। आज आप अपने बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.

**सिंह राशि**-आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपका कॉन्फिडेंस काम को पूरा करने में मदद करेगा।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज से ज्यादा लाभ होने की संभावना है। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**तुला राशि**-आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीट एण्ड फाईन रहेगा। बिजनेस के किसी काम से आज आपको बाहर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे।

**धनु राशि**-आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**मकर राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

**कुंभ राशि**-आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए। परिवार के कुछ मामलों को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

**मीन राशि**-आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस के कार्य समय से पूरे होते रहेंगे। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार विमर्श करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

# ईवीएम किसकी सरकार बनाएगी

//रजनीश कपूर//

**वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी 'ईवीएम' किसकी सरकार बनाएगी। हर राजनैतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा।**

देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं।

चुनाव का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा।

इन विवादों के बाद चुनाव् की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है। इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है। मतगणना के दिन, गिनती से पहले, फॉर्म 17सी के दूसरे भाग में प्रत्येक बूथ से गिने गए कुल वोट व डाले गए कुल वोटों की समानता को जांचा जाता है। यह व्यवस्था किसी भी पार्टी द्वारा वोटों में हेरफेर से बचने के लिए बनाई गई है। यह डाटा मतगणना केंद्र के पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किया जाता है। प्रत्येक उम्मीदवार (या उनके प्रतिनिधि) को फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद ही मतों की गिनती शुरू होती है। गौरतलब है कि मतदान डाटा का उपयोग चुनाव परिणाम को कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। एक ओर जहां चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाया गया है वहीं फॉर्म 17सी से मतदान में हुई गड़बड़ी (यदि हुई हो तो) का पता चल सकता है।

जिस तरह पहले और दूसरे चरण के मतदान के आंकड़ों को जारी करने में देरी व बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा तो विपक्ष ने फॉर्म 17सी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। देश की शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखा और विपक्षी पार्टियों ने अपना पक्ष रखा, परंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया। बीते सप्ताह देश के नामी वकील और सांविधानिक विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने प्रेस सम्मेलन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक चेकलिस्ट जारी की। सिब्बल ने हर राजनैतिक दल और उनके मतदान/मतगणना एजेंटों के लिए आगामी 4 जून को आम चुनाव की गिनती से पहले जारी की गई इस चेकलिस्ट के माध्यम से यह समझाया है कि उन्हें कब क्या देखना है। सिब्बल के अनुसार 'बहुत से लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों के साथ संभवत~ छेड़छाड़ की गई है। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।' सिब्बल की इस चेकलिस्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। जिस तरह चुनाव आयोग इवीएम और वीवीपैट को लेकर पहले से ही विवादों में घिरा हुआ है उसे चुनाव में पारदर्शिता का न केवल दावा करना चाहिए बल्कि पारदर्शी दिखाई भी देना चाहिए।

# सवा दो महीने की चुनाव यात्रा में हमने देश को प्रभावित करने वाले असल मुद्दों पर जनता की राय जानी

//नीरज कुमार दुबे//

**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लगभग दो महीने तक चले प्रचार अभियान के दौरान तमाम तरह के मुद्दे उभर कर आये और देखा जाये तो हर चरण के मुद्दे अलग-अलग रहे। प्रभासाक्षी ने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान दस ऐसे बड़े मुद्दों को पहचाना जिसका पूरे भारत में असर रहा। हमने यह भी जाना कि ऐसे कौन-से दस बड़े मुद्दे रहे जिनके इर्दगिर्द पूरा चुनाव प्रचार केंद्रित रहा। नेता चाहे किसी भी दल के रहे हों उनके भाषणों और वादों में इन मुद्दों का कहीं ना कहीं जिक्र जरूर रहा। आइये नजर डालते हैं इन मुद्दों पर-**

मुफ्त रेवड़ी- मुफ्त रेवड़ियां ऐसा विषय रहा जो सभी पार्टियों के वादों में किसी ना किसी रूप से शुमार रहा। भाजपा ने मुफ्त राशन अगले पांच साल तक देते रहने का वादा किया हालांकि पार्टी का कहना है कि यह मुफ्त रेवड़ी की श्रेणी में नहीं आता। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणापत्रों और जनता से किये गये वादों में तमाम चीजें मुफ्त में देने का वादा किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह पैसा कहां से आयेगा। तुलनात्मक रूप से अध्ययन करें तो यह देखने को मिलता है कि मुफ्त सौगातों के वादे सबसे कम भाजपा ने ही किये हैं। इन मुफ्त सौगातों को लेकर देश की जनता भी बंटी हुई नजर आई है। अधिकांश लोगों का कहना था कि हमें मुफ्तखोर बनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि हमें आत्मनिर्भर बनाये। कई लोगों का कहना था कि मुफ्त की चीजें सबसे ज्यादा जरूरतमंद व्यक्ति को ही मिलनी चाहिए क्योंकि यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी है। कुछ लोगों का कहना था कि सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होनी चाहिए बाकी कुछ भी मुफ्त नहीं होना चाहिए। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि मुफ्त चीजें बांटने की जगह महंगाई को कम कर देना चाहिए।

विकसित भारत- लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में निकाली गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश का यह महत्वाकांक्षी मिशन पूरे भारत के कोने-कोने तक पहुँच चुका था। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष लाल किले की प्राचीर से दिये अपने भाषण में भी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही थी इसलिए जनता इसको लेकर पूरी तरह जागरूक थी। जब हमने देशव्यापी यात्रा की तो पाया कि इस संकल्प के सिद्ध होने में किसी को कोई शक नहीं था बल्कि लोग इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए अपने तमाम तरह के सुझाव देते दिखे। लोगों का कहना था कि हमने पिछले दस सालों में यह महसूस कर लिया है कि हम कुछ भी कर सकते हैं। हम 11वीं से अगर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, हम चंद्रमा के दक्षिणी पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बन सकते हैं, हम महामारी के समय कुशलता के साथ उसका सामना कर सकते हैं, हम महामारी के समय नेगेटिव में चली गयी विकास दर को चंद महीनों में दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना सकते हैं तो हम विकसित भारत भी बन सकते हैं। संविधान और लोकतंत्र को खतरा- विपक्ष ने चुनाव की शुरुआत से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जिस बात को लेकर सबसे ज्यादा हमले किये वह थे संविधान और लोकतंत्र को खतरे में बताना। विपक्ष की ओर से यह बात फैलाई गयी कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गयी और मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन गये तो यह आखिरी चुनाव होगा और भारत में भी रूस और उत्तर कोरिया जैसा शासन हो जायेगा। जब हमने ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जनता का मन टटोला तो खासतौर पर पिछड़े वर्ग के लोगों ने कहा कि हमें सड़क और बिजली नहीं चाहिए पर संविधान में हमें जो अधिकार दिये गये हैं वह नहीं खत्म होने चाहिए। हमने पाया कि विपक्ष ने जो भ्रम फैलाया था कि यदि भाजपा फिर सत्ता में आई तो गरीबों और पिछड़ों के अधिकार छीन लेगी उसका निचले स्तर पर काफी असर हो रहा था। इस भ्रम को दूर करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से कोई प्रयास भी नहीं किये जा रहे थे जिससे भाजपा को नुकसान की संभावना हमें दिखाई दी। हालांकि इस मुद्दे को लेकर अधिकांश लोगों का कहना था कि संविधान और लोकतंत्र को कोई खत्म नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसे प्रयास किये तो जनता सड़कों पर उतर आयेगी। लोगों ने कहा कि कृषि कानूनों को वापस लेने वाली मोदी सरकार जनता की ताकत जान गयी है और उसे पता है कि संसद में बहुमत के दम पर तानाशाही या मनमानी नहीं की जा सकती।

भ्रष्टाचार विरोधी अभियान- देश भर में भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों को लेकर विपक्ष का आरोप था कि उसे परेशान किया जा रहा है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्ष ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जनता से समर्थन भी मांगा लेकिन जब हमने जनता से बात की तो सभी का यह कहना था कि यह बहुत अच्छा काम हो रहा है। जनता ने कहा कि हमने मोदी सरकार को जनादेश इसी बात का दिया था कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। लोगों ने कहा कि पहले हम नेताओं के करोड़ों रुपए के घोटालों की खबरें जब पढ़ते थे तो उसमें घोटाला की गयी रकम के शून्य गिनते रह जाते थे लेकिन अब टीवी पर दिखाई भी देता है कि कितनी रकम पकड़ी गयी है और कैसे नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते गिनते गर्म होकर बंद हो जा रही हैं। लोगों ने कहा कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का ही नतीजा है कि काला धन कम हुआ है। लोगों ने कहा कि ईडी-सीबीआई का डर नेताओं के मन में बैठना देश के लिए अच्छा है।

परिवारवाद- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत परिवारवादी नेताओं पर प्रहार के साथ की थी जिसके बाद आरोप लगाया गया कि मोदी परिवार का महत्व क्या जानें क्योंकि उनका कोई परिवार ही नहीं है। इसके बाद भाजपा ने मैं हूँ मोदी का परिवार अभियान चला दिया और देखते ही देखते राष्ट्रव्यापी मोदी का परिवार खड़ा हो गया। भाजपा नेताओं ने परिवारवाद पर जिस प्रकार हमले किये उसके चलते जनता के बीच यह बड़ा मुद्दा तो बना ही साथ ही परिवारवादी दलों के भीतर भी इसको लेकर घमासान मचा। जब भी परिवार आधारित दलों के उम्मीदवारों की सूची आई तो उसमें परिवार के कई लोगों का नाम रहने के चलते पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता नाराज होकर दूसरे दलों में चले गये। इन लोगों का कहना था काम करने के लिए जिन लोगों की सूची आती है उनमें हमारा नाम शीर्ष पर होता है लेकिन जब चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची आती है तो हम उसमें नहीं होते। हमने यह भी पाया कि परिवार आधारित दलों के पारिवारिक गढ़ के रूप में विख्यात संसदीय क्षेत्रों में अब परिवार के प्रति मोह कम होता जा रहा है।

महंगाई- महंगाई इस चुनाव में एक बड़े मुद्दे के रूप में उभरी। देखा जाये तो इसको लेकर भाजपा को कहीं-कहीं रक्षात्मक मुद्रा भी अपनानी पड़ी। हालांकि भाजपा को जो कोर वोट बैंक है उसको इससे ज्यादा फर्क नहीं दिखा और उसका कहना था कि जब आमदनी बढ़ी है तो महंगाई भी बढ़ी है। भाजपा समर्थकों का कहना था कि वैश्विक चुनौतियों के बीच दुनिया भर में सबसे कम महंगाई भारत में ही है। उनका कहना था कि हमारे पड़ोसी देश दिवालिया हो रहे हैं और हम तेजी से तरक्की कर रहे हैं जिसका सीधा अर्थ यही है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियां बहुत अच्छी हैं। हालांकि आम जनता रोजमर्रा के सामान की बढ़ती कीमतों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ते खर्च, तमाम वस्तुओं पर जीएसटी की ज्यादा दरों को लेकर नाराज नजर आई और सरकार से मांग की कि उसे इस ओर ध्यान देना चाहिए। हालांकि महंगाई को लेकर कहीं ऐसा नहीं दिखा कि जनता सरकार बदलने के मूड़ में है।

बेरोजगारी- बेरोजगारी का विषय भी इस चुनाव में काफी छाया रहा। इस विषय के साथ पेपर लीक जैसी विकराल होती समस्या और कौशल की कमी जैसे मुद्दे भी जुड़े रहे। कांग्रेस ने पहली नौकरी पक्की जैसा बड़ा वादा किया था लेकिन इसका कोई खास असर होता नहीं दिखा। युवाओं का कहना था कि हमें ऐसा अस्थायी अवसर नहीं बल्कि जीवन में स्थायित्व चाहिए। युवाओं का कहना था कि हमें दस हजार की नौकरी नहीं बल्कि बेहतर अवसर चाहिए। युवाओं का यह भी कहना था कि पिछले दस सालों में नौकरियों में भ्रष्टाचार कम हुआ है और अब नौकरी हासिल करने के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती। युवाओं का कहना था कि सरकारी नौकरियों में भर्तियां नहीं निकल रही हैं और राजनीति के चक्कर में निजी निवेश प्रभावित हो रहा है जिससे अवसर कम हो रहे हैं। युवाओं का कहना था कि सरकार को चाहिए कि उद्योग स्थापित होने के प्रोत्साहित करे क्योंकि निजी क्षेत्र ही बेरोजगारी की समस्या दूर कर सकता है। कुछ क्षेत्रों में हमें ऐसे युवा भी मिले जोकि स्थानीय लोगों के लिए उस क्षेत्र के उद्योगों में आरक्षण के समर्थक दिखे। युवाओं ने यह भी माना कि देश की बढ़ती आबादी भी बेरोजगारी की समस्या का एक बड़ा कारण है।

शिक्षा और स्वास्थ्य- सरकारी स्कूलों में शिक्षा का खराब स्तर, सुविधाओं की कमी, शहरी क्षेत्रों में स्कूलों में दाखिले की समस्या, निजी ट्यूशन केंद्रों की फीस पर भारी भरकम जीएसटी, ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों की कमी, चिकित्सा जांच केंद्रों की कमी, सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की कमी, बाजार की महंगी दवाएं और डॉक्टरों की कमी जैसे मुद्दे बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करते दिखे। नई सरकार को प्राथमिकता के आधार पर इस पर ध्यान देना होगा।

हिंदुत्व- अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश भर में जो माहौल बना उसका फायदा भाजपा को होता दिख रहा है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद विकास और विरासत को जिस तरह तवज्जो दी उसका काफी असर देखने को मिला है। धर्म स्थलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का ऐसा असर हुआ है कि पर्यटन स्थलों से ज्यादा लोग धर्म स्थलों पर जाने लगे हैं। पर्यटन और आध्यात्म के समावेश ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा बल प्रदान किया है। धर्म स्थलों तक वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें देकर मोदी सरकार ने उस क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। खासतौर पर सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं का प्रेम ऐसा बढ़ा है जोकि देखते ही बनता है। हालांकि कुछ लोग हिंदुत्व की तमाम तरह की परिभाषा देकर या विवादित बयान देकर विवाद खड़ा करते रहते हैं लेकिन आमतौर पर हिंदू शांत ही रहता है। हालांकि एक बदलाव जरूर आया है कि अब अपने को सेकुलर दिखाने की चाहत किसी में नहीं है और सब खुलकर अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करते हैं।

नेतृत्व- पूरे चुनाव में यह एक ऐसा मुद्दा रहा जोकि सबसे ज्यादा प्रभाव लिये रहा। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है तो दूसरी ओर विपक्ष से कौन नेतृत्व करेगा यह सवाल पूरे चुनाव में बना ही रहा। प्रधानमंत्री ने अपनी रैलियों में कहा कि विपक्ष ने पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देने की योजना बनाई है जिसका जनता के बीच काफी असर देखने को मिला। देश ने पिछले दस साल में स्पष्ट बहुमत वाली सरकार के कामकाज को देखा है और उससे पहले गठबंधन सरकार की मजबूरियों में पिसते देश को देखा है इसलिए एक बात तो स्पष्ट रही कि देश में स्पष्ट बहुमत वाली सरकार ही बनती जा रही है। कई बार ऐसा भी लगा कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं देकर बड़ी गलती की है क्योंकि जनता देख रही है कि एक ओर मोदी हैं और दूसरी ओर के उम्मीदवार का पता ही नहीं है। जनता का कहना था कि हम नहीं चाहते कि नई सरकार देश के लिए काम करने की बजाय प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पाने की लड़ाई में ही फँस कर रह जाये।

## तस्वीरों की दुनिया



भारतीय अभिनेत्री कोयल मल्लिक कोलकाता में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई।



अभिनेत्री और टीएमसी नेता नुसरत जहान, कोलकाता में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई।



नई दिल्ली में खड़गे के आवास पर इंडिया ब्लॉक नेताओं की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जेएमएम नेता कल्पना सोरेन, एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार, डीएमके नेता टीआर बालू, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, सीपीआई नेता डी राजा और अन्य।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर के समीरपुर में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



आप नेता राघव चड्ढा ने लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में साहिबजादा अजीत सिंह नगर में वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाई।



अभिनेत्री और भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में मंडी के सरकाघाट में अपना वोट डाला।

# 400 पार मोदी सरकार... दिल्ली-यूपी समेत इन राज्यों में एनडीए का सपना साकार!

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव में शनिवार को सातवें व अंतिम चरण के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल से चुनावी तस्वीर कुछ साफ होने लगी है। हालांकि किस दल या गठबंधन को कितनी सीटें मिलेंगी, यह तो चार जून को परिणाण के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन विभिन्न एजेंसियों के एक्जिट पोल ने अनुमान दे दिया है कि नई संसद की दलीय स्थिति कैसी हो सकती है। आइए समझें प्रमुख राज्यों में कहां क्या है स्थितिः ज्यादातर एक्जिट पोल में बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को नुकसान होता दिख रहा है। भाजपा अधिक सीटें जीतती दिख रही है। एबीपी-सी वोटर के एक्जिट पोल के मुताबिक, बंगाल में भाजपा 42 में से 23 से 27 सीटें जीत सकती है जबकि टीएमसी के खाते में 13 से 17 सीटें जा सकती हैं। कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन एक से तीन सीटें जीत सकता है। कुल 42 में से पिछली बार टीएमसी ने 22, भाजपा ने 18 जबकि कांग्रेस ने दो सीटें जीती थीं। इंडिया न्यूज के पोल के मुताबिक, भाजपा को 21 और टीएमसी को 19 व अन्य को दो सीटें मिल सकती हैं।

इंडिया टीवी के एक्जिट पोल में भाजपा 22 से 26, टीएमसी 14 से 18 जबकि कांग्रेस एक से दो सीट जीत सकती है। रिपब्लिक बांग्ला और मार्टरिज के मुताबिक, भाजपा को 21 से 25 और टीएमसी को 16 से 20 सीटें मिलने का अनुमान है। टाइम्स नाउ नवभारत के एक्जिट पोल में भाजपा को 22, टीएमसी को 19 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान है। टीवी 9, पोल स्टार्ट और पीपुल इनसाइट के एक्जिट पोल में टीएमसी को 24, भाजपा को 17 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान है। मप्र में भाजपा को 28-29 सीटें, कांग्रेस को एक का अनुमानमध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से भाजपा को 28 से 29 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 28 सीटें और कांग्रेस को केवल छिंदवाड़ा सीट पर जीत मिली थी।एक्जिट पोल में भाजपा के वोट शेयर में भी वृद्धि का अनुमान जताया गया है। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा का वोट शेयर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले तीन प्रतिशत बढ़कर 61 प्रतिशत हो सकता है। वहीं, कांग्रेस को 33 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना जताई गई है। टीवी-9 भारत के अनुसार भाजपा को 67.54 और कांग्रेस को 24.93 प्रतिशत मत मिल सकते हैं। विभिन्न एक्जिट पोल में बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत के दावे की पुष्टि नहीं हो रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में 40 में से 39 सीटों पर एनडीए की जीत हुई थी। जन की बात के सर्वे में एनडीए को 32 से 37 सीटें मिलने का अनुमान है। एजेंसी ने तीन से आठ सीटें आईएनडीआईए को दी हैं। रिपब्लिक भारत के अनुसार, एनडीए को 32-37 और आईएनडीआईए को दो से सात सीटें मिलेंगी। इंडिया न्यूज डायनामिक्स ने एनडीए के लिए 33 और आईएनडीआईए के लिए सात सीट का अनुमान किया है। इंडिया टुडे एक्सिस माय इंडिया के सर्वे में एनडीए को 29 से 33 और आईएनडीआईए को सात से 10 सीटों का अनुमान है। आज तक के सर्वे में भाजपा के 13-15, जदयू के नौ-11, लोजपा (आर) के पांच, राजद के छह-सात, कांग्रेस के एक-दो और अन्य के दो सीट तक जीतने का अनुमान है। अधिकतर एक्जिट पोल में उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों को भाजपा की झोली में ही दर्शाया गया है। न्यूज-24 टुडेज चाणक्य व टाइम्स नाउ ने सभी पांच सीटें भाजपा के जीतने का अनुमान जताया है जबकि रिपब्लिक भारत चैनल के पी मार्क में चार सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस को दी गई है। बीते दो चुनाव में भाजपा ही पांचों सीटे जीती है। एक्जिट पोल में छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 सीटें भाजपा को मिलती दिखाई दे रही हैं जबकि एक सीट कांग्रेस के पास जा सकती है। प्रदेश की कम से कम चार सीटें, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ दोनों ही प्रमुख पार्टियों भाजपा-कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा वाली सीटें हैं। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक सीट कांग्रेस के पास जा सकती है।पंजाब में जन की बात का पोल जहां आम आदमी पार्टी को चार से छह सीटें दे रहा है वहीं रिपब्लिक टीवी का अनुमान है कि आप को चार सीटें मिलेंगी। रिपब्लिक भारत ने कांग्रेस को तीन सीटें दी हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ने कांग्रेस को चार से छह सीटें दी है। सभी एजेंसियों के एक्जिट पोल ने भाजपा को दो से तीन सीटें दी हैं। भाजपा पंजाब में एक मात्र ऐसी पार्टी थी जिसका किसान संगठनों ने सबसे ज्यादा विरोध किया। रिपब्लिक टीवी ने शिरोमणि अकाली दल को तीन तो न्यूज नेशन व न्यूज 18 ने एक भी सीट नहीं दी है।विभिन्न एक्जिट पोल भाजपा को कुल 10 में से आठ और कांग्रेस को दो सीटें दे रहे हैं। दक्षिण हरियाणा की तीनों सीटें फिर भाजपा के खाते में जाने की संभावना है। मध्य हरियाणा की रोहतक और सिरसा सीटों पर कांटे की टक्कर है। उत्तर हरियाणा की सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला सीटों पर भाजपा के जीतने की संभावना है। सात लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर भाजपा जीत की हैट-ट्रिक लगा सकती है। टाइम्स नाउ के एक्जिट पोल में एनडीए को एक सीट की बढ़त के साथ कुल 13 सीटें मिल रही हैं, जबकि आईएनडीआईए गठबंधन को एक सीट मिल रही है। जन की बात सर्वे में भी झारखंड में एनडीए को 14 में से 13 सीटें मिलने तथा आईएनडीआईए को एक सीट मिलने की बात कही गई है। न्यूज 24 टुडे चाणक्य और रिपब्लिक मैट्रिज एक्जिट पोल में झारखंड में भाजपा के खाते में 12 सीटें तथा कांग्रेस को दो सीटें मिलने की बात कही गई है। इंडिया टुडे एक्सिस माय इंडिया सर्वे के अनुसार झारखंड में भाजपा को दो से तीन सीटों का नुकसान हो सकता है। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को तीन से चार सीटों का फायदा हो सकता है। इंडिया टुडे एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, झारखंड में बीजेपी को आठ से 10 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एनडीए में शामिल सहयोगी दल आजसू पार्टी को एक सीट मिल सकती है। कांग्रेस को दो से तीन सीटें मिल सकती हैं। झामुमो को भी दो से तीन सीटें मिलने और भाकपा माले को एक सीट मिलने की बात है।




## बर्थडे पार्टी में पत्नी और बच्चे के साथ ससुराल आया था युवक, तीनों की लाशें लटकी मिली, किसने किया मर्डर!



**झांसी, 02 जून [एजेंसी]।**

जन्मदिन समारोह में शामिल होने आए युवक ने ससुराल की किचन में फांसी के फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। किचन के बगल वाले कमरे में उसकी पत्नी व मासूम बच्चे का शव भी फांसी के फंदे पर मिला। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने पत्नी व बेटे की हत्या कर उनके शव को फांसी पर लटका और फिर खुद भी खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पठौरिया मोहल्ला निवासी नीलेश (40) की शादी लगभग 10 साल पहले प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित नैनागढ़ में रहने वाले टेंट हाउस के संचालक मोनू की बहन प्रियंका (35) के साथ हुई थी। नीलेश टैक्सी चलाता था। पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता था। शादी के लगभग 5 साल बाद उनके यहां हिमांशु (5) का जन्म हुआ। बेटे के जन्म के बाद कुछ समय तो ठीक चला, मगर बाद में फिर पति-पत्नी में झगड़े होने लगे। बताया जाता है कि इसकी शिकायत प्रियंका ने कई बार अपने मायके वालों से की थी। 29 मई को प्रियंका के भाई मोनू के लड़के प्रिंस की पहली सालगिरह थी।

इसमें शामिल होने के लिए नीलेश, प्रियंका व हिमांशु भी 28 मई को नैनागढ़ पहुंच गए थे। मायके वालों के अनुसार जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद दोनों में वहां पर भी विवाद हुआ, लेकिन रिश्तेदारों के समझाने पर वह मान गए।जन्मदिन के बाद नीलेश पत्नी व बच्चे के साथ ससुराल में ही रुक गया। 1 जून (शनिवार) को ससुराल के लोग किसी रिश्तेदारी में गए थे। सास कमलेश व उनके पति बल्लमपुर गए थे और प्रियंका का भाई, भाभी व अन्य लोग किसी दूसरी रिश्तेदारी में गए थे। घर पर नीलेश, प्रियंका व हिमांशु अकेले थे। रात लगभग 8 बजे जब प्रियंका का भाई-बहन व अन्य लोग घर वापस आए तो देखा कि दरवाजे खुले हुए थे। वह आशंकित होते हुए अंदर गए तो किचन में नीलेश का शव फांसी के फंदे पर लटका था।

## एक्जिट पोल को पहले ही नकार विपक्षी INDI गठबंधन ने 295 सीटों के साथ किया जीत का दावा, सत्तापक्ष-विपक्ष में तकरार शुरू



**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र-संविधान बचाने की लड़ाई के रूप में लड़े विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन ने एक्जिट पोल के अनुमानों के पहले अपनी बैठक कर 2024 के चुनाव में 295 से अधिक सीटों की जीत के साथ केंद्र की सत्ता में आने का दावा किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आईएनडीआईए घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद एक्जिट पोल को सरकारी सर्वे बताते हुए कहा कि इसके अनुमान चाहे जो जनता के वास्तविक सर्वे से साफ है कि विपक्षी गठबंधन बड़ी जीत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। इस चुनावी दावे के साथ ही अपने घटक दलों के तमाम नेताओं-कार्यकर्ताओं को मतगणना की पूरी प्रक्रिया के दौरान सतर्क रहने से लेकर अंतिम परिणाम घोषित होने तक काउंटिंग सेंटर नहीं छोड़ने का संदेश दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर आईएनडीआईए के नेताओं की हुई इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर बाकी लगभग सभी घटक दलों के शीर्ष नेता मौजूद थे।करीब ढाई घंटे चली बैठक के बाद शीर्ष विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में खरगे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गठबंधन के नेताओं ने चार जून को मतगणना के दिन बरती जाने वाली सावधानियों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को मतगणना केंद्र पर मतगणना की पूरी प्रक्रिया को लेकर सर्तक रहने का निर्देश दिया है और आज की बैठक के बाद आईएनडीआईए की ओर से उसकी सभी पार्टियों के लोगों से कहा गया है कि जब तक गिनती पूरी होकर प्रमाणपत्र जारी नहीं हो जाते तब तक मतगणना हॉल से बाहर न जाएं क्योंकि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। खरगे ने कहा कि कहा कि हमें 295 से अधिक सीटें मिलेंगी और अपने सभी घटक दलों के नेताओं से उनके आकलन के साथ जनता के सर्वे के आधार पर इस आंकड़े पर पहुंचे हैं।

यह लोगों का सर्वे है सरकारी नहीं। खरगे ने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनके मीडिया मित्र आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं इसलिए हम वास्तविक आंकड़े बता रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उनके मीडिया मित्र सरकारी एग्जिट पोल के जरिए एक नैरेटिव देने की कोशिश कर रहे हैं पर हम लोगों को सच्चाई बताना चाहते हैं। खरगे ने एक्स पोस्ट में भी कहा कि हमने लोकसभा चुनाव 2024 पूरी ताकत से लड़ा है और सकारात्मक परिणाम के प्रति आश्वस्त हैं क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। विपक्षी नेताओं की बैठक में मतगणना की तैयारियों और रणनीति को लेकर हुई चर्चा के संदर्भ में खरगे ने कहा कि हमारी कुछ चिंताएं हैं जिनके समाधान के लिए आईएनडीआईए गठबंधन ने चुनाव आयोग से रविवार को मिलने का वक्त मांगा है। इसमें पेपर बैलेट की गिनती पहले करने का मसला शामिल है।इस बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी माकपा, भाकपा, द्रमुक, झामुमो, आप, राजद, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार) के नेता मौजूद थे जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, चंपई सोरेन, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी वाड्रा, कल्पना सोरेन, टीआर बालू, सीताराम येचुरी, फारूख अब्दुल्ला, डी राजा आदि मौजूद थे।

आईएनडीआईए नेताओं की इस अनौपचारिक बैठक में पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के मतदान का हवाला देते हुए तृणमूल कांग्रेस के शामिल नहीं होने की ममता बनर्जी ने पहले ही घोषणा कर दी थी। जबकि पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती निजी कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुईं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और तेजस्वी यादव ने भी कहा कि आईएनडीआईए 295 सीटों के साथ चुनावी जीत हासिल करने जा रहा है।विपक्ष के पीएम उम्मीदवार के सवाल पर इनका कहना था कि चार जून के नतीजों के बाद सब मिलकर इसका फैसला करेंगे। खरगे ने गठबंधन के दलों में एकजुटता का दावा किया तो येचुरी ने कहा कि बहुमत का आंकड़ा सामने आने के बाद विपक्ष का एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और यही नई सरकार का आधार होगा। लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सियासी तकरार की शुरूआत हो गई है।

## उत्तर कोरिया की महा गंदी हरकत! दक्षिण कोरिया की ओर भेजे कचरा और मलमूत्र से भरे सैकड़ों गुब्बारे



**सियोल, 02 जून [एजेंसी]।**

उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर और अधिक कचरा ढोने वाले गुब्बारे छोड़े हैं। इसे लेकर सियोल ने शनिवार को लोगों को चेतावनी जारी की है। साथ ही कहा है कि इससे सुरक्षित रहें और इसकी सूचना सेना या पुलिस को दें। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया भारी सुरक्षा वाली सीमा पर गंदगी ले जाने वाले और अधिक गुब्बारे भेज रहा है। उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में कचरा और मलमूत्र से भरे सैकड़ों गुब्बारे भेजे थे। उन्हें ईमानदारी का उपहार कहा था। साथ ही और अधिक भेजने की कसम खाई थी। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री शिन वोन-सिक ने शनिवार को इसे अकल्पनीय रूप से तुच्छ और निम्न-स्तरीय व्यवहार बताया।

दक्षिण कोरिया ने सार्वजनिक संदेश में जनता से सियोल के पास इस तरह के गुब्बारों को छूने से परहेज करने और उनकी रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अन्य क्षेत्रीय सरकारों को भी इसी तरह के संदेश प्रसारित करने के लिए कहा गया है।

### अफगानिस्तान में नाव पलटने से बड़ा हादसा, पानी में डूबने से 20 लोगों की मौत

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार (में शनिवार को नाव पलटने से दर्दनाक हादसा हो गया। यहां नदी में एक नाव पलट गई, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, नांगरहार प्रांत के सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महिलाओं और बच्चों से भरी एक नाव सुबह 7 बजे मोमंद दारा जिले के बसावुेल क्षेत्र की नदी में डूब गई। वहीं, खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पांच शव बरामद कर लिए गए हैं और बाकियों की तलाश जारी है।

## बंगाल व आंध्र प्रदेश में मतगणना के बाद भी 15 दिन तक तैनात रहेंगे केंद्रीय बल, EC ने गृह मंत्रालय को दिए तैनाती के निर्देश

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

चुनाव बाद हिंसा के अपने पुराने अनुभवों और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद निर्वाचन आयोग ने बंगाल और आंध्र प्रदेश में मतगणना के बाद भी पंद्रह दिनों तक केंद्रीय बलों की तैनाती के निर्देश दिए है। आयोग ने यह निर्देश गृह मंत्रालय को दिए है। साथ ही कहा कि चुनाव बाद का हिंसा की आशंकाओं को देखते हुए इन राज्यों में पैनी नजर रखी जाए। इसके



साथ ही राज्य सरकारों को भी चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर सतर्क किया है।आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में भी चुनाव बाद हिंसा की आशंका जताई गई है। आयोग ने पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर इन राज्यों में भी मतगणना के बाद अगले दो दिनों तक केंद्रीय बलों की तैनाती रखने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि वह चुनावी हिंसा को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।इन सभी राज्य सरकारों को आयोग ने चुनाव बाद विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आयोग ने कहा है कि यदि ऐसी घटनाएं हुईं तो वह सीधे जिम्मेदार होंगी। आयोग ने इससे पहले आंध्र प्रदेश में मतदान के बाद हिंसा पर सख्ती दिखाई थी। साथ ही हिंसा वाले जिलों के कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी तलब कर सवाल-जवाब किए गए थे।

### यूपी पुलिस ने 7 साल में मुठभेड़ में मारे 201 बदमाश, मुख्यमंत्री योगी की सख्ती का असर! ये जिला टॉप पर

लखनऊ। मथुरा में पुलिस को चकमा देकर अभिरक्षा से भागा 50 हजार का इनामी बदमाश मनोज उर्फ उत्तम खुद को बचा नहीं सका। मनोज का शनिवार सुबह एक बार फिर पुलिस से सामना हुआ तो इस बार वह ढेर हो गया। अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पुलिस कार्रवाई लगातार जारी है।बीते सात वर्षों में अब तक प्रदेश में 201 अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए कानून-व्यवस्था का मुद्दा बड़ा रहा है।

## राहुल गांधी की अग्निपथ योजना पर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग, कहा- सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर होने के नाते उठाएं कदम

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**

अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखा है। इसमें राष्ट्रपति से अग्निपथ योजना में हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया है कि मारे गए सैनिकों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ की प्रकृति और सीमा में भेदभाव है।राहुल गांधी ने कहा कि इस मामले में अपवाद जरूरी है, क्योंकि आप भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है। राहुल ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को न्याय प्रदान करने की अपील के साथ यह पत्र लिख रहे हैं। नियमित सैनिकों की तुलना में मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस और हमारे सहयोगियों ने अग्निपथ योजना का कड़ा विरोध किया है और हमने सरकार बनने पर इसे रद्द करने का वादा किया है। गांधी ने कहा कि मैं आपसे हस्तक्षेप का अनुरोध करता हूं। मैं मानता हूं कि राष्ट्रपति आम तौर पर नीति के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते। हालांकि, मेरा मानना



है कि इस मामले की गंभीरता और आपकी अद्वितीय स्थिति दोनों को देखते हुए, इस मामले में एक अपवाद की आवश्यकता है।

आप भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं। आपने खुद को भारत के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित करने की शपथ ली है। क्या हमारे अग्निवीर शहीदों के खिलाफ यह भेदभाव हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है। क्या यह हमारे युवाओं के साथ गंभीर अन्याय नहीं है, जो बहादुरी से अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा करते हैं। इन महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर केवल सकारात्मक में ही दिया जा सकता है। इसलिए, मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपने प्रतिष्ठित कार्यालय का उपयोग न्याय करने के लिए करें। यह सुनिश्चित करके कि अग्निवीर को भी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले किसी भी सैनिक के समान लाभ मिले।

## शशि थरूर को एग्जिट पोल से लगा जोर का झटका फंस सकती है तिरुवनंतपुरम सीट,बन रहे ये समीकरण

**नईदिल्ली, 02 जून [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद विभिन्न एग्जिट पोल में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है।

सभी एग्जिट पोल देश में मोदी लहर चलती दिखा रहे हैं। कुछ ने तो एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें दी हैं। वहीं, केरल से भी भाजपा को गुड न्यूज मिली है।एग्जिट पोल में केरल में भाजपा का खाता खुलता दिख रहा है। एनडीए को 2 से 3 सीटें मिलती दिख रही है। यहां की सबसे हॉट लोकसभा सीट तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस को झटका लग रहा है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर साल 2009 से लगातार जीत रहे हैं और इस बार उनका मुकाबला भाजपा के राजीव चंद्रशेखर से है। एग्जिट पोल में थरूर को भाजपा से कड़ी टक्कर मिल रही है। एग्जिट पोल के अनुसार, तिरुवनंतपुरम में बीजेपी को बढ़त मिल रही है। इस बार थरूर के मुकाबले चंद्रशेखर की लोकप्रियता ज्यादा है। एग्जिट पोल में भाजपा को बंपर जीत मिलती दिख रही है। कई सर्वे में एनडीए 400 पार जा रही है। वहीं इंडी गठबंधन 120 से 150 सीटों पर सिमट रहा है।

# इंटरनेट पर छाया नेहा शर्मा का बॉसी लुक किलर फोटोज देख यूजर्स के उड़े होश



बी-टाउन की खूबसूरत हसीना नेहा शर्म अक्सर अपने स्टाइलिश लुक्स के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपना लेटेस्ट सिजलिंग फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का लेटेस्ट बॉसी लुक देखकर फैंस भी अपने दंग रह गए हैं।

एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने एक बार फिर से अपने बोल्ड लुक्स से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। उन्होंने अपने गॉर्जियस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस आहें भरते नजर आ रहे हैं।

नेहा शर्मा की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं।

एक्ट्रेस ने अपने इस फोटोशूट के दौरान लाइट ग्रे कलर का कोट-पैंट पहना हुआ है, जिसमें उनका बॉसी लुक दिखाई दे रहा है। साथ ही फैंस उनके इस लुक पर कॉमेंट्स की बौछार करते नहीं थक रहे हैं।

नेहा शर्मा ने अपने आउटलुक को और भी शानदार तरीके से निखारने के लिए बालों को स्ट्रेट, लाइट मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहने हैं।

बताते चलें चाहे वेस्टर्न हो या फिर एथनिक एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल लगती हैं। उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।

नेहा शर्मा का नाम बॉलीवुड इंडस्ट्री की हॉट और फिट एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। बता दें कि नेहा अपनी हर एक अदाओं से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

# इंस्टेंट नूडल्स खाने के हैं शौकीन तो पहले जान लें इसके नुकसान



इंस्टेंट नूडल्स का सेवन आपके पाचन तंत्र के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा इनमें सोडियम की अधिक और फाइबर की कम मात्रा होने के कारण होता है। इससे आपको ना केवल ब्लोटिंग, बल्कि कब्ज और बेचैनी आदि की शिकायत भी हो सकती है।

आज के समय में हम हर चीज इंस्टेंट चाहते हैं, फिर चाहे वह हमारा खाना ही क्यों ना हो। किचन में खड़े होकर घंटों मेहनत कोई नहीं करना चाहता और शायद यही कारण है कि इन दिनों इंस्टेंट नूडल्स का चलन काफी बढ़ रहा है। बच्चे हों या फिर बड़े, हर कोई इंस्टेंट नूडल्स खाना काफी पसंद करने लगा है। महज दो मिनट में बनने वाले ये नूडल्स हल्की भूख के लिए एक परफेक्ट ऑप्शन माने जाते हैं।

लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ये आपकी हेल्थ के लिए परफेक्ट हैं या नहीं। हो सकता है कि आपने कभी इस ओर ध्यान ना दिया हो। वास्तव में इंस्टेंट नूडल्स सेहत के लिए बहुत अधिक नुकसानदायक माने जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इंस्टेंट नूडल्स से सेहत को होने वाले कुछ नुकसान के बारे में बता रहे हैं-

**नहीं होते पोषक तत्व**

इंस्टेंट नूडल्स आपका पेट जरूर भरते हैं, लेकिन उनमें किसी तरह के पोषक तत्व नहीं पाए जाते हैं। वे विटामिन, खनिज, प्रोटीन और फाइबर जैसे आवश्यक पोषक तत्व शायद ही प्रदान करते हो। वास्तव में, इंस्टेंट नूडल्स में रिफांइड कार्बोहाइड्रेट और अनहेल्दी फैट्स पाया जाता है, जो सेहत पर नेगेटिव असर डालता है। इससे आपका वजन भी बढ़ सकता है।

**अधिक होता है सोडियम**

इंस्टेंट नूडल्स के सेवन का एक नुकसान यह भी है कि इसमें सोडियम कंटेंट काफी अधिक होता है। जर्नल ऑफ़ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ कार्डियोलॉजी के अनुसार, अत्यधिक सोडियम का सेवन ना केवल ऑर्गन डैमेज करता है, बल्कि इससे हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और स्ट्रोक सहित कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है।

इंस्टेंट नूडल्स का सेवन आपके पाचन तंत्र के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा इनमें सोडियम की अधिक और फाइबर की कम मात्रा होने के कारण होता है। इससे आपको ना केवल ब्लोटिंग, बल्कि कब्ज और बेचैनी आदि की शिकायत भी हो सकती है।

इंस्टेंट नूडल्स में अक्सर कई तरह के एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए, जब आप इनका सेवन करते हैं तो यह आपकी हेल्थ पर नेगेटिव असर डाल सकते हैं।

# टीवी के बजाय सोशल मीडिया से मिला ज्यादा प्यार: जन्नत जुबैर



टीवी पर अपने शानदार अभिनय के लिए मशहूर एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने कहा कि वह अपने अभिनय करियर के बजाय सोशल मीडिया को चुनेंगी, क्योंकि उन्हें वहां से ज्यादा प्यार मिला है।

छोटे पर्दे पर जन्नत जुबैर ने काशी- अब ना रहे तेरा कागज कोरा और फुलवा जैसे शो से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह अब एक सोशल मीडिया सनसनी बन गई हैं।

टीवी पर अभिनय या सोशल मीडिया पर आने को लेकर अपनी पसंद के बारे में बात करते हुए जन्नत ने बताया, यह मेरे लिए बहुत मुश्किल सवाल है। मुझे अभिनय पसंद है, और मैं अपने काम के प्रति बहुत जुनूनी रही हूं। हालांकि, पिछले कुछ सालों से, मैं सोशल मीडिया को समय दे रही हूं, जिसके चलते मैं अभिनय को उतना समय नहीं दे पा रही हूं।

22 वर्षीय एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वह अभिनय से ज्यादा सोशल मीडिया को क्यों पसंद करती हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है, अभी के लिए, मैं सोशल मीडिया को चुनूंगी क्योंकि यहां मुझे जितना प्यार मिला है, उतना मुझे अपने अभिनय करियर में नहीं मिला। सोशल मीडिया यूजर्स ने मुझे बेहद प्यार दिया है।

लोगों ने फुलवा को भी पसंद किया है, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए मैं प्रशंसकों से इतनी जुड़ गई हूं कि मैं इसे छोड़ नहीं सकती।

जन्नत रियलिटी टेलीविजन शो लाफ्टर शेफ्स- अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आने वाली हैं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, यह कॉम्बिनेशन टेलीविजन पर बहुत नया है, क्योंकि कुकिंग शो आम तौर पर गंभीर प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कुकिंग और कॉमेडी का मिश्रण लाफ्टर शेफ्स एक अनूठा मिश्रण है।

क्या कॉमेडी और खाना पकाने का मिश्रण खराब होगा इस पर जन्नत जुबैर ने कहा, वास्तव में नहीं, क्योंकि मुझे लगता है कि यह देखने में और भी शानदार है। हम अपने आप ही मजाकिया बन जाते हैं क्योंकि हमेशा कुछ न कुछ होता रहता है। कभी-कभी रसोई में कुछ गड़बड़ हो जाती है। इसलिए आप जो भी देखेंगे वह स्पष्ट कॉमेडी होगी। यह बनावटी या स्क्रिप्टेड नहीं है।

आठ साल की उम्र से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली जन्नत जुबैर ने टीवी सीरियल दिल मिल गए में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया था। सोशल मीडिया पर जन्नत जुबैर रहमानी बहुत ही फेमस नाम है। जन्नत 10 मिलियन फॉलोअर्स के साथ नंबर-1 टिकटॉकर बन गई थीं। इंस्टाग्राम पर उनके 49.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# सफेद दीवारें हो गई हैं गंदी तो इन आसान तरीकों से उन्हें करें साफ

सफेद दीवारें घर को सुंदर और खुला दिखाती हैं, लेकिन ये जल्दी गंदी हो जाती हैं. कुछ आसान और घरेलू उपायों से आप सफेद दीवारों को बिना ज्यादा मेहनत के साफ कर सकते हैं. आइए जानें कैसे..

न आसान तरीकों से आप अपनी सफेद दीवारों को साफ और चमकदार बना सकते हैं आइए जानते हैं यहां पांच तरीके को..

डिश सोप से दीवारें साफ करें = दीवारों को पहले डस्टर या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें। एक बाल्टी में गर्म पानी और दो स्कूप डिश सोप मिलाएं। स्पंज या माइक्रोफाइबर कपड़े को पानी में डुबोकर दीवारों को गोलाकार गति में रगड़ें। साफ पानी से दीवारों को पोंछकर सुखा लें.

बेकिंग सोडा से धुएं के दाग हटाएं = दीवारों को साफ कपड़े से पोंछ लें. एक बाल्टी में आधा गर्म पानी और 1/2 कप बेकिंग सोडा मिलाएं. इस घोल को दीवार पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद पोंछ लें. फिर गुनगुने पानी से दीवारों को साफ करें.ब्लीच का इस्तेमाल करें = डिश सोप और पानी से दीवारों को पहले साफ करें. एक भाग ब्लीच को चार भाग पानी में मिलाएं. दाग लगे हिस्सों को इससे पोंछें. ब्लीच का इस्तेमाल करते समय दस्ताने पहनें और बच्चों को दूर रखें.

पेंट को सुरक्षित रखें = दीवारों को साफ करते समय अब्रेसिव स्क्रब और हार्ड क्लीनिंग एजेंट का इस्तेमाल न करें. दीवारों को तेज रगड़ें नहीं. इन तरीकों से आप सफेद दीवारों को बिना पेंट हटाए साफ रख सकते हैं.

साफ दीवारों को बनाए रखें =

दीवारों को रोजाना रूप से डस्टर या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछें. समय-समय पर डिश सोप और बेकिंग सोडा से दीवारों को साफ करें. इस तरह आप दीवारों को लंबे समय तक साफ और सुंदर रख सकते हैं.



## पंजाबी कुड़ी सुरभी ज्योति के ये स्टाइलिश सूट्स



फेमस टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति किसी पहचान की मोहताज नहीं है। कबूल है और नागिन में लीड रोल करने के बाद से हर कोई उन्हें जानता है। उनकी खूबसूरती के साथ महिलाएं उनके फैशन की भी दीवानी हैं। भले ही सुरभि बहुत मार्डन हैं, लेकिन इस पांजबी कुड़ी के पास सूट के भी लाजवाब कलेक्शन है।

## चिलचिलाती धूप से आने के कितने देर बाद पीना चाहिए पानी जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स



गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है, लेकिन यह पानी आपको एकदम सही समय पर और सही तरीके से पीना चाहिए. नहीं तो गर्मी में ठंडा पानी पीने से ये आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है. जी हां, गर्मियों के मौसम में बाहर से आने के बाद अगर आप ठंडा पानी पी लेते हैं, तो इससे सेहत को कई गंभीर नुकसान पहुंच सकते हैं और यह आपके ब्रेन पर भी असर डाल सकता है. ऐसे में चिलचिलाती धूप से आने के कितने समय बाद आपको पानी पीना चाहिए और कैसे आइए हम आपको बताते हैं.

**धूप से आने के कितने देर बाद पिएं पानी**

अगर आप गर्मी में तेज धूप से आए हैं, तो घर पर तुरंत आने के बाद कभी भी पानी नहीं पीना चाहिए. आप 5-10 मिनट के लिए बैठे, उसके बाद पानी पिएं. लेकिन यह पानी भी आपको नॉर्मल पानी ही पीना चाहिए, अगर आप बहुत ज्यादा ठंडा पानी पी लेते हैं तो इसे ठंडा गरम हो सकता है और लू लगना, बदहजमी होना, पेट दर्द होना, उल्टी, चक्कर आना जैसी समस्या भी हो सकती है. ऐसे में आपको धूप से आने के बाद नार्मल पानी ही पीना चाहिए, जिससे आपकी बॉडी का टेंपरेचर एकदम से चेंज ना हो. अचानक बहुत गर्मी से नार्मल टेंपरेचर में आकर जब आप एकदम ठंडा पानी पी लेते हैं तो यह सर्दी जुकाम और बुखार का भी कारण बन सकता है.

**गर्मी में कितना पानी पिएं**

अक्सर लोगों का सवाल आता है कि हमें एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए कोई 4 लीटर पानी, तो कोई 5 लीटर पानी पीने की सलाह देता है. लेकिन गर्मियों में आपको हाइड्रेटेड रहने के लिए दिन में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए. इसके अलावा ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा हो (

## आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है यह आयुर्वेदिक तकनीक

शरीर की केयर करने के साथ ही आंखों की केयर करना भी जरूरी होता है। लेकिन कई बार लोग ऐसा करना भूल जाते हैं। लेकिन आंखों का स्वस्थ होना बेहद जरूरी होता है। यदि आंखों के प्रति थोड़ी भी लापरवाही बरती जाती है, तो इसका सीधा असर रोशनी पर पड़ता है। आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने के लिए आप नेत्र शुद्ध आसन कर सकते हैं। यह आंखों के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है।

दरअसल, यह एक तरह की आयुर्वेदिक तकनीक है। इस तकनीक के जरिए आंखों को रिलैक्श कर शांत किया जाता है। इस प्रोसेस में कप के माध्यम से मेडिटेशन किया जाता है। बता दें कि नेत्र शुद्धि का प्रोसेस पूरी तरह से केमिकल फ्री होता है और इसको कोई भी कर सकता है।

आंखों की थकान दूर होती हैं।आई बॉल में होने वाली आई स्ट्रेन की समस्या कम होती है।

आंखों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है।

# 11 साल की उम्र में एक्टिंग और 24 की उम्र में खोली प्रोडक्शन कंपनी, हिंदी सिनेमा के शोमैन थे राज कपूर

राज कपूर ने 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स अपने नाम किए थे। उनकी फिल्म अवारा और बूट पोलिश को कांस फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी ओर के लिए नॉमिनेटेड भी किया गया था। साथ ही उनको बेहतरीन अभिनय के लिए साल 1971 में पद्म भूषण और 1988 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

आज ही के दिन यानी की 02 जून को भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता राज कपूर का निधन हो गया था। वह हिंदी सिनेमा के शोमैन कहे जाते थे। बता दें कि राज कपूर ने महज 11 साल की उम्र से ही फिल्मों में काम करना शुरूकर दिया था। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया। बता दें कि पाकिस्तान के पेशावर में 14 दिसंबर 1929 को पृथ्वीराज कपूर के घर जन्मे राज कपूर अपने पिता के नक्शेकदम पर चले और इंडस्ट्री में खूब नाम और शोहरत कमाया। राज कपूर का भारतीय सिनेमा में बड़ा योगदान रहा है। आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर राज कपूर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**पहली हिट फिल्म**- 2 जून 1988 को 63 साल की उम्र में अस्थमा के कारण राज कपूर का निधन हो गया था। राज कपूर के दुनिया से अलविदा कहने के बाद उनकी विरासत को तीनों बेटों ऋषि कपूर, रणधीर कपूर और राजीव कपूर ने संभाली थी। राज ने कई फिल्मों को प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया था। उन्होंने महज 11 साल की उम्र में हिंदी सिनेमा में काम करना शुरूकर दिया था। राज कपूर



पहली बार फिल्म इंकलाब में नजर आए थे। राज कपूर के डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म आग थी। इस फिल्म में हिंदी सिनेमा की फेमस अभिनेत्री नरगिस के साथ उनको लीड रोल में देखा गया था। इसके बाद राज कपूर और नरगिस कई फिल्मों में नजर आए, इन दोनों की जोड़ी हिट थी।

**हिंदी सिनेमा के शोमैन थे राज कपूर**

राज कपूर ने 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स अपने नाम किए थे। उनकी फिल्म अवारा और बूट पोलिश को कांस फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी ओर के लिए नॉमिनेटेड भी किया गया था। साथ ही उनको बेहतरीन अभिनय के लिए साल 1971 में पद्म भूषण और 1988 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

**जब नरगिस के प्यार में पड़े राज कपूर**

राज कपूर की शादी कृष्णा से हुई थी। लेकिन इसके बाद भी वह नरगिस के प्यार में पड़ गए। राज और नरगिस का इश्क इंतेहा था। बताया जाता है कि नरगिस इस कदर राज कपूर के प्यार में पागल थीं कि उनकी फिल्म में पैसा लगाने के लिए अपने गहने तक बेच दिए थे। नरगिस और राज ने 9 सालों तक मोहब्बत का सफर तय किया। लेकिन इस प्यार को मंजिल नहीं मिल सकी। इसका कारण यह था कि राज कपूर अपने प्यार के लिए अपनी पत्नी को नहीं छोड़ सकते थे।

जिसके बाद दोनों की राहें जुदा हो गईं और नरगिस ने अभिनेता सुनील दत्त से शादी कर ली। लेकिन राज यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सके और वह दुखों में डूब गए। नरगिस की शादी के बाद राज कपूर के रातों की नींद उड़ गई। बताया जाता है कि वह सारी रात बाथटम में बैठकर शराब पीते रहते और रोते रहते थे। जब भी उनको नरगिस की याद आती थी तो वह खुद को सिगरेट से जला लेते थे। राज कपूर का जीवन और प्रेम कहानी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट जैसी थी। भले ही वह आज हमारे बीच हिंदी सिनेमा के शोमैन नहीं हैं, लेकिन वह अपने शानदार अभिनय और फिल्मों के जरिए दर्शकों के दिलों में जिंदा है।

**राज कपूर की यादगार फिल्में**

श्री 420, संगम आवारा, बरसात, चोरी चोरी, छलिया, तीसरी कसम, बॉबी, सत्यम शिवम सुंदरम, अनाड़ी, मेरा नाम जोकर, प्रेम रोग और राम तेरी गंगा मैली जैसी राज कपूर की कई यादगार फिल्मों में काम किया। आज भी राज कपूर की फिल्में एवर हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल है।

## शब्द सामर्थ्य -075


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# कोयला कंपनी की पाईप लाईन काटी, पूर्व विधायक पर कार्रवाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ विनय जयसवाल की शिकायत पोड़ी थाने में हुई है। चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल के विरुद्ध पोंडी थाने में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन पेश किया है।

लगभग 4 साल पहले विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा एसईसीएल के महाप्रबंधक घनश्याम सिंह के बंगले पर जाकर पानी का पाइप काटा गया था। आरटीआई कार्यकर्ता ने अपने शिकायत में वर्ष 2020 में एसईसीएल के द्वारा सूचना के अधिकार पर प्रदान की गई जानकारी और वर्ष 2024 में थाना पोंडी से प्राप्त की गई जानकारी का आधार लिया गया है। इस संबंध में आईटीआई कार्यकर्ता ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समाचार को आधार बनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा को एसीसीएल चिरमिरी क्षेत्र के लोक सूचना अधिकारी के दवारा जानकारी प्रदान किया गया कि घनश्याम सिंह तात्कालिक महाप्रबंधक एसईसीएल चिरमिरी व सुरक्षा विभाग का कर्मचारी बनमाली के द्वारा 08.09.2020 को थाना पोडी जिला कोरिया को लिखित शिकायत किया गया है कि क्षेत्र के विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा अशोभनीय व्यवहार किया गया है। महापबंधक ने अपने शिकायत में थाना पोंडी को लिखा कि आज 08.09.2020 को शाम 3.45 बजे स्थानीय विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा मेरे स्थानीय निवास में जल आपूर्ति व्यवस्था की पाइप लाइन को तोड़फोड़ किया गया है तथा मेरी अनुपस्थिति में मेरे आवास के गेट पर उनके लगभग 50 समर्थकों के साथ नारेबाजी की गई है, इसके पश्चात स्थानीय विधायक अपने समर्थकों के साथ मेरे कार्यालय में आए मुझे कुरासिया के विभिन्न कॉलोनी में जल पदाय पर चर्चा हुई इस पर जब मैं महाप्रबंधक आवास में की गई उपरोक्त कृत की भर्त्सना किया तो उन्होंने कहा कि मेरा यह कार्य सही है. डॉ विनय जायसवाल विधायक के इस कृत से हम लोकसेवक आहत हुए है एवं ऐसे में हमारे कार्य क्षमता पर ऋणात्मक प्रभाव पड़ता है। अत: श्रीमान से अनुरोध है कि इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई किया जाए इसकी प्रतिलिपि महाप्रबंधक के द्वारा कलेक्टर कोरिया पुलिस अधीक्षक कोरिया व नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी को दिया गया था. इस संबंध में एसईसीएल चिरमिरी के सिक्योरिटी विभाग का कर्मचारी बनमाली के द्वारा भी थाना प्रभारी पोंडी को एक लिखित शिकायत किया गया था। इस शिकायत के साथ आरटीआई कार्यकर्ता को सूचना के अधिकार पर महाप्रबंधक के बंगले के टूटे हुए पाइप की फोटो भी प्रदान किया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार पर एक आवेदन प्रस्तुत कर पोंडी पुलिस से 2024 में जानकारी प्राप्त किया तब उसे ज्ञात हुआ कि पोंडी पुलिस के द्वारा इस संबंध में कोई FIR दर्ज नहीं किया गया है।




एसईसील महाप्रबंधक कार्यालय के महाप्रबंधक लोक सेवक होते हैं साथ ही सिक्योरिटी विभाग का कर्मचारी बनमाली भी लोकसेवक है, किसी लोकसेवक के द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए किसी गंभीर अपराध की सूचना थाना में दिए जाने पर अनिवार्य रूप से FIR दर्ज किया जाता है। इसके विपरीत पोंडी थाना के द्वारा इस संबंध में स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं किया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा अपने शिकायत में लिखा गया है कि दोषी व्यक्ति के द्वारा निम्न प्रकार से अपराध किया गया है।

महाप्रबंक के बंगले पर महाप्रबंधक के प्रयोग के लिए पाईप जिसमें जल की आपूर्ति की जाती है काटा और तोड़ा-मरोड़ा गया है इस पाइप की कीमत 50 से अधिक होने के कारण यह रिष्टि की श्रेणी में आता है जो IPC की धारा 427 के तहत दंडनीय अपराध है। दोषी व्यक्ति के ?द्वारा महाप्रबंधक के निज निवास पर उपहति कर, गृह अतिचार किया गया है जो IPC की धारा 452 के तहत दंडनीय अपराध है. साथ ही यह संज्ञेय अपराध भी है। इसके साथ ही दोषी व्यक्ति के द्वारा महाप्रबंधक के बंगले पर लोक संपत्ति की क्षति कारित की गई है जो लोग संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत दंडनीय अपराध है, यह विशेष अधिनियम का अपराध होने के कारण संज्ञेय अपराध भी है। दोषी व्यक्ति के द्वारा किया गया उपरोक्त समस्त कृत्य विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और यूट्यूब में अपलोड किया गया है, साथ ही दोषी व्यक्ति के द्वारा महाप्रबंधक से इस संबंध में क्षमा याचना भी की गई है, इसका वीडियो भी यूट्यूब पर अपलोडेड है, इस शिकायत में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता व वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य व्यक्तियों को साक्षी के रूप में कथन दर्ज किया जा सकता है।

## रूपये को लेकर पेट्रोल उड़ेला, शंकरगढ़ पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया

**बलरामपुर।** रुपये के बंटवारा को लेकर उपजे विवाद में युवक ने पिता पर पेट्रोल उड़ेल दिया। नजदीक में ही जल रहे गैस के संपर्क में आने से पिता और भाई की पत्नी झुलस गए। गंभीर अवस्था मे दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपित को हत्या के प्रयास के आरोप पर गिरफ्तार कर लिया है। घटना बलरामपुर जिले के शंकरगढ की है। पुलिस ने बताया कि आरोपित जगदेव बरगाह के पिता सुखना बरगाह ने हाल ही में सात लाख में जमीन की बिक्री किया था। सुखना बरगाह जमीन बिक्री की सात लाख की रकम को तीन हिस्सा में बंटवारा करना चाह रहा था। आरोपित सात लाख रूपये को दो हिस्सा में बांटने की बात को लेकर लडाई- झगडा करने लगा । इस बात से नाराज होकर उसने पिता की हत्या करने की नियत से एक लीटर पानी बाटल में रखे पेट्रोल को अपने पिता के उपर फेंक दिया। पास में ही आरोपित की भाई बहू यशोदा गैस चुल्हा में अंडा बना रही थी। जिससे पेट्रोल आग पकड लिया और दोनों बुरी तरह से झुलस गए। आरोपित यह जानते हुए की गैस चूल्हा जल रहा है अपने पिता और बहु के उपर पेट्रोल फेंका है जिससे बुरी तरह से जल गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। हत्या के प्रयास के आरोप पर जगदेव बरगाह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## यातना से क्षुब्ध होकर खुदकुशी, लखनपुर पुलिस ने दबोचा आरोपी को



**लखनपुर।** लगभग पांच माह पहले युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने मृतक के मंझले भाई को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपित द्वारा मृतक को घर से भगा देने के कारण ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसगा निवासी भोजराम ने बीते 17 जनवरी 2024 को मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरढोढ़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि मृतक भोजराम आपस में तीन भाई हैं। तीनों भाई में मझला भाई भोला राम अन्य दोनों भाइयो से लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करता रहता था। जमीन का आपसी बंटवारा नही होने देने की बात बोलते हुए मृतक को उसके परिवार सहित घर से बाहर निकाल दिया था। मृतक भोजराम अपने परिवार के साथ भांजी के घर ग्राम बरढोढ़ी में रहने आ गया था। एक दिन रहने के बाद मृतक भोजराम बरढोढ़ी सरनापारा के खेत मे पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था ।भाई भोला राम के प्रताड़ना से तंग आकर उसने फांसी लगा ली थी। आरोपित को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप पर गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल,प्रधान आरक्षक महेश्वर सारण सिंह, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक सुरेश गुप्ता शामिल रहे।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाएं वट सावित्री का व्रत करेंगी 6 को

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जेठ अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा बरगद के पेड़ पर चारों ओर मौली धागा बांधकर विधिवत् पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार पतिव्रता सावित्री ने अपने पति सत्यवान की अल्पआयु में मृत्यु होने पर यमराज के समक्ष हठकर बरगद के पेड़ के नीचे अपने पति के प्राण वापस लिए थे। तब से यह व्रत ठीक 12 बजे दोपहर को सुहागिन महिलाओं द्वारा नंगे पैर बरगद के वृक्ष के पास पहुंचकर विधिविधान के साथ पूजन अर्चन कर अपनी पति की आयु में वृद्धि की कामना करती हैं।

## छत्तीसगढ़ में महंगी होगी बिजली, विद्युत उपभोक्ताओं को लगेगा झटका

**रायपुर।** चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को जोर का झटका लग सकता है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रस्ताव और जनसुनवाई के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग जल्द ही नई दरें जारी कर सकता है। विद्युत वितरण कंपनी को 4,420 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय की जरूरत बताते हुए 20 प्रतिशत तक टैरिफ में वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है। बिजली की नई दरों में घरेलू पर कम और व्यावसायिक पर ज्यादा भार पड़ने की संभावना है। बता दें कि चुनावी साल की वजह से पिछले साल बिजली की नई दरें लागू नहीं की गई थीं, लेकिन इस बार नई दरें लागू करने की तैयारी है। इसका असर उद्योग और व्यापार में पड़ सकता है। उद्योगपतियों ने जन सुनवाई में अपना पक्ष रखा है। संगठनों और आम जनता की मांग है कि विभाग को पहले लाइन लास कम करने की रणनीति बनानी चाहिए, ताकि विद्युत दरें बढ़ाने की आवश्यकता ना पड़े। अभी वितरण कंपनी की हर साल लाइन लास, बिजली चोरी के बाद राजस्व नुकसान का आंकड़ा लगभग 3,000 करोड़ रुपये के आसपास है। बिजली दरें बढ़ने से महंगाई बढ़ेगी।

## भीषण गर्मी से अब तक 8 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए हैं। दिन के साथ ही रात में गर्मी से हवा झुलसाने लगी है। इधर भीषण गर्मी के चलते लगातार मौत भी हो रही है। नवतपा के दूसरे दिन से गर्मी अपना तेवर दिखा रही है। अब जानलेवा साबित होने लगी है। पिछले पांच दिन से बन रहे लू के हालात की वजह से लोगों की सेहत भी लगातार बिगड़ रही है और लोग जान भी गंवा रहे हैं। राजधानी में लू की वजह से दो और लोगों की मौत होने की खबर है। बिलासपुर संभाग में प्रचंड लू ने 24 घंटे में 6 की जान ले ली है। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के प्रकोप से अगले चौबीस घंटे में किसी तरह की राहत की गुंजाइश नहीं है। उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवा के प्रभाव से छत्तीसगढ़ का उत्तरी और मध्य इलाका भारी गर्मी की चपेट में है। गर्मी में कमी होना मुश्किल बताया जा रहा है।

## यात्री बस में लगी आग से मचा हड़कंप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर से बड़ी खबर सामने आई है. यात्रियों से भरी बस में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और अफरा-तफरी मच गई. आग लगने के बाद ड्राइवर, कंडेक्टर समेत सभी यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई. जिस बस में आगजनी हुई है वह महेंद्रा ट्रेवल्स की बताई जा रही है. बस में करीब 40 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। बताया जाता है कि बस के एसी पाइप में लीकेज होने के बाद आग लग गई और देखते ही देखते पूरा बस जलकर नष्ट हो गया। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्रियों को समय रहते बस से नीचे उतार लिया गया, इससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

## बिजली आपूर्ति विलंब के दोषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में गुरुवार की देर शाम को कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया ।उन्होंने जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी.दयानंद ने यह बैठक बुलाई थी।

# महामाया शक्कर कारखाना के संचालक मंडल को कार्यकाल समाप्ति के पहले भंग किया



**सूरजपुर।** जिले के ग्राम केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना के संचालक मंडल को कार्यकाल पूर्ण होने के पहले ही भंग कर दिया गया है। सहकारिता विभाग के पंजीयक ने उक्त कार्रवाई की है। मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना का अध्यक्ष कलेक्टर सूरजपुर रोहित व्यास को नियुक्त किया गया है। उन्होंने अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शक्कर कारखाना के संचालक मंडल में कांग्रेस से जुड़े लोग शामिल थे। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही ऐसी कार्रवाई की संभावना थी। आखिरकार संचालक मंडल को। गड़बड़ियों के आरोप पर भंग कर दिया गया।

मां महामाया शक्कर कारखाना की स्थापना के करीब 10 साल बाद संचालक मंडल का निर्वाचन साल 2019 में पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में हुआ था। कारखाना संचालक में शेयर धारक गन्ना किसानों की सहभागिता बढ़ाने के लिए संचालक मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विद्यासागर सिंह, उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र दुबे और शुगर मिल एसोसिएशन दिल्ली के सदस्य के रूप में कुमार सिंहदेव निर्वाचित हुए थे। संचालक मंडल में 12 कार्यकारी सदस्यों का भी निर्वाचन किया गया था। संचालक मंडल का कार्यकाल अगस्त 2024 तक था। इसके पूर्व ही संचालक मंडल को पंजीयक, सहकारिता विभाग, रायपुर ने भंग कर दिया है। मां महामाया शक्कर कारखाना में अनियमितता की शिकायत पंजीयक सहकारिता विभाग रायपुर को की गई थी। शिकायत में बोरा भराई, अन्य टेंडर में नियमितता, प्लांट के संचालन के लिए कर्मचारियों की मनमानी भर्ती, मजदूरी भुगतान सहित अन्य शिकायतें शामिल हैं। इसे लेकर संचालक मंडल को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब पंजीयक को भेजा भी गया था। संचालक मंडल के जवाब से असंतुष्ट पंजीयक ने संचालक मंडल को भंग कर सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास को शक्कर कारखाने का अध्यक्ष का कार्यभार सौंप दिया है।

संचालक मंडल को भंग कर दिए जाने को राजनीति से प्रेरित कार्रवाई निरूपित कर संचालक मंडल ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया है। शुगर मिल एसोसिएशन दिल्ली के सदस्य कुमार सिंहदेव ने कहा कि, बोर्ड को उन आरोपों पर भंग किया गया है, जिसमें हम शामिल ही नहीं हैं। जिन शिकायतों पर कार्रवाई का दावा किया जा रहा है वह तकीनीकी मामला है। प्रबंधन ने अपने स्तर से मामले की जांच कराई थी जिसकी रिपोर्ट भी है। यह कार्रवाई पूरी तरीके से राजनीति से प्रेरित है। ऑल इंडिया शुगर फेडरेशन के पूर्व सदस्य कुमार सिंह देव ने कहा कि तीन माह बाद चुनाव होना था। चुनाव में विपक्षी जीत नहीं सकते इसलिए शक्कर कारखाने में वे बैक डोर से एंट्री चाहते हैं। यह कार्रवाई विधि विरुद्ध और राजनीति से प्रेरित है। संचालक मंडल को भंग करने के आदेश के साथ ही हाई कोर्ट में कैविएट दायर करने से स्पष्ट है कि उनका पक्ष कमजोर है। जिन आरोपों पर कार्रवाई का दावा किया जा रहा है वह पूरी तरीके से गलत है। प्रबंधन ने पहले ही उन आरोपों की जांच कराई थी। जिसकी रिपोर्ट भी है। उन्होंने कहा कि हम हाई कोर्ट जाएंगे और अपनी बात रखेंगे। वर्तमान सरकार से जुड़े लोग शक्कर कारखाने में बैकडोर से प्रवेश करना चाहते हैं, इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

## तीन डिग्री तक नीचे आया तापमान का पारा, कुछ राहत मिली लोगों को

**कोरिया।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आ रही नमी के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है। शनिवार को विक्षोभ के प्रभाव से सरगुजा सहित कोरिया, सूरजपुर जिले में बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे अधिकतम तापमान 42 2 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना जताई है। इसके बाद एक बार फिर से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी की संभावना है।

इस बार सरगुजा संभाग में पड़ रही भीषण गर्मी ने कई पुराने कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए हैं। मई के दूसरे पखवाड़े से गर्मी में तेजी से वृद्धि होने लगी। तापमान अचानक 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया। हालांकि विक्षोभ के प्रभाव से कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिली लेकिन इसके बाद राजस्थान से आ रही गर्म हवा के कारण तापमान में अत्यधिक वढ़ोतरी हुई। मई के अंतिम सप्ताह में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया। नौतपा की शुरूआत 25 मई को तेज वर्षा के साथ हुई इसके प्रभाव से दो तीन दिन गर्मी से राहत मिली। इसके बाद तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो गई। अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार चला गया। लगातार गर्म हवा के कारण न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोगों को रात में भी राहत नहीं मिली।

मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार इस बार दक्षिण पश्चिम मानसून समय से पूर्व दस्तक दे चुका है। सरगुजा में इसके 12 से 15 जून तक सक्रिय होने की संभावना है। इसके दो तीन पूर्व यानी 10 जून के आसपास प्री मानसून वर्षा की संभावना है। इस दौरान तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

मानसून से पूर्व सरगुजा संभाग में गर्मी का आखिरी दौर लोगों को एक बार फिर परेशान कर सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान के 43 डिग्री के आसपास तक पहुंचने की संभावना है।



## टीआई और हेड कॉन्स्टेबल को सेवानिवृत्ति पर दिया प्रमाण पत्र







**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पुलिस बल कोरिया छत्तीसगढ़ के निरीक्षक ललित साहू एवं प्रधान आरक्षक(चालक) हेमेंद्र पाण्डेय 31 मई 2024 को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देश पर आज 31 मई को रक्षित केंद्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

ललित साहू 14 अक्टूबर 1989 को भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दें रहे थे। लगभग 35 वर्षो की अपनी सेवा अवधि में वह जिला रायपुर, दुर्ग, महासमुन्द, नारायणपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा में पदस्थ रहे एवं वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कोरिया के रीडर रहे। इसी प्रकार हेमेंद्र पाण्डेय 09 अगस्त 1986 से भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दें रहे थे। लगभग 38 वर्षो की अपनी सेवा अवधि में वह जिला सरगुजा एवं कोरिया के वाहन शाखा में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यक्रम में ललित साहू के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों ने उनके साथ कार्य करने की अपनी यादें ताजा की एवं उनके गृह ग्राम में विदाई कार्यक्रम में उनके बचपन के दो साथी ने भी अपने बचपन के किस्से सुनाये। ललित साहू ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपनी खट्टी - मीठी यादें बताई और अनुभव साझा किये। हेमेंद्र पाण्डेय के साथ उक्त कार्यक्रम में परिवार से उनकी बहन, बहनोई, भतीजे, मित्रगण भी सम्मलित हुए जहाँ श्री पाण्डेय की बहन ने भावुक अंदाज में अपना वक्तव्य दिया एवं श्री पाण्डेय के साथ कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों ने भी अपनी यादें ताजा की। हेमेंद्र पाण्डेय ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपने अनुभव साझा किये। उक्त आयोजन में सेवानिवृत हुए द्वय पुलिस अधिकारियों को एसपी कोरिया सूरज सिंह परिहार ने शॉल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसपी कोरिया ने कहा कि ललित साहू और हेमेंद्र पाण्डेय दोनों बहुत ही कर्मठ, अनुभवी और जुझारू पुलिस अधिकारी है, ये पुलिस विभाग की पूंजी है। पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सेवानिवृत होने पर उनके देय स्वत्वों जैसे अवकाश नगदीकरण, परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना, डीपीएफ फाइनल पेमेंट एवं उपादान की राशि सहित सम्पूर्ण भुगतान करने की कार्यवाही कर दिया गया है।कार्यक्रम के अंत में श्री ललित साहू और हेमेंद्र पाण्डेय को सपरिवार एवं मित्रगण के साथ पुलिस वाहन में उन्हें बैकुंठपुर के मुख्य चौक से होते हुए उनके निवास स्थान तक छोड़ा गया एवं ससम्मान विदाई दी गई है। इस उपलक्ष्य में जिले के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, जे.पी.भारतेन्दु, नेलशन कुजूर, प्रशिक्षु छ्रस्क्क रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक, यातायात प्रभारी, थाना अजाक, वाहन शाखा, यातायात प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी समेत जिले के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# पकड़ाने के डर से बाइक भिड़ी कार से, एक की मौत

**कोरबा।** किसी भी प्रकार के अवैध काम में संलिप्त होने से भले ही व्यक्ति को अच्छी कमाई की आस रहती है, लेकिन हर समय डर भी होता है कि कब पुलिस उसे पकड़ ले। अवैध महुआ शराब की बिक्री से जुड़े हुए ऐसे ही मामले में एक युवक की मौत हो गई। उसकी बाइक आपाधापी में कार से जा भिड़ी। घटना में एक युवक घायल हुआ है उसे अस्पताल रेफर किया गया ।

कोरबा-चांपा मार्ग पर हुई इस घटना को लेकर यह जानकारी मिली इसमें बताया गया कि बाइक सवार दो युवक अवैध शराब की बिक्री करने से जुड़े हुए थे। 28 वर्षीय विकास और उसका साथी बाइक में सवार था। विकास बाइक को चला रहा था और दूसरा पीछे बैठा था। बताया गया कि दोनों युवक महुआ शराब देने के लिए आबकारी सर्किल के अंतर्गत आने वाले चिकनीपाली गांव गए हुए थे। वहां से लौटने के दौरान इसकी भनक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी को लग गई। उसने युवकों को पकड़ने के लिए सक्रियता दिखाई। पुलिस को पीछा करते देख युवकों को लगा कि बच पाना मुश्किल है। ऐसे उन्होंने अपनी बाइक को तेज रफ्तार से दौड़ाना जारी रखा। कोरबा शहर के रहने वाले अवैध शराब के कारोबार से जुड़े व्यक्ति के लिए सेवारत दोनों युवक इस दौरान मुख्य मार्ग पर चल रहे कार से जा भिड़े। घटना में विकास की मौत हो गई और उसका सहयोगी घायल हो गया। राहगीरों ने घटना देखने के बाद पुलिस को अवगत कराया। बाद में पीड़ित और मृतक को अस्पताल भेजने की कार्रवाई की गई।

## मानिकपुर क्रासिंग के पास वाहन चालक से लूट, 4 पकड़ाए

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चालक से लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम आशिफ कुरैशी, जीतू अग्रवाल, अरूण श्रीवास और विशाल केंवट बताये गये है। आरोप है कि एमपी के सीधी जिला के कुसमी निवासी गोविंद सिंह से इन लोगों ने 31 हजार नगद व मोबाईल व अन्य सामान मानिकपुर रेलवे क्रासिंग के पास लूट लिये थे। वाहन चालक गोविंद रायगढ़ से कोयला अनलोड कर लौट रहा था। क्रासिंग बंद होने पर आरोपियों ने उससे मारपीट की। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने हुलिया के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## धर्म सेना का प्रतिनिधिमंडल मिलेगा कलेक्टर से

**कोरबा।** धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा है कि कुछ ऐसे क्षेत्र है जहां धर्मांतरण कराने के प्रयास किये जा रहे है। ऐसे लोगों की पहचान करने कहा गया है। उनके कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे है। इसके अलावा भी मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ भी हो रहा है। पाली ब्लाक की बैठक भी हरदीबाजार क्षेत्र में आयोजित किया गया था। जिसमें जिला अध्यक्ष साकेत शर्मा सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। इन कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। पाली ब्लाक में भी हनुमान चालीसा का पाठ भी हो रहा है। इसके अलावा अन्य ब्लाकों में जिलाध्यक्ष साकेत शर्मा के द्वारा बैठक ली जा रही है।

# लू लगने से 30 चमगादड़ की जिंदगी खत्म

**कोरबा।** तापमान का पारा 45 डिग्री क्रास करने के साथ तेज और गर्म हवाओं ने हर किसी को झुलसाना जारी रखा है। पाली क्षेत्र में लू के प्रभाव से 30 चमगादड़ खत्म हो गये। मृत चमगादड़ों की पीएम की प्रक्रिया के अलावा पक्षियों के बचाव को लेकर उपाये किए जा रहे हैं।



पाली क्षेत्र में भी तापमान विगत कुछ दिन से 45 डिग्री के आसपास स्थिर है। जिससे चमगादड़ों की शामत आ गई है। भीषण गर्मी के कारण हीट बड़ी संख्या में ये बेजुबान जीव बेमौत मारे जा रहे हैं। पाली ब्लाक में अभी भी काफी हरियाली है और अधिकांश आबादी वनांचल में निवास करती है। विकासखंड पाली मुख्यालय सहित कुछ गांव में बड़ी संख्या में तालाब के किनारे के पेड़ों पर चमगादड़ दिख जाते हैं। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी चपेट का असर इन पर दिखने लगा है। यह ही है। स्तनधारी जीव 45 डिग्री तापमान को सहन नहीं कर पा रहे और पेड़ों से फल की तरह अधमरे पक्षी नीचे टपक रहे हैं। परसदा गांव के हनुमान तालाब के तट पर बरसों से चमगादड़ों का बसेरा है। यहां भी चमगादड़ तेज गर्मी से हीटस्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं और बड़ी संख्या में मौत हो रही है। कुछ ऐसा ही हाल पाली का भी है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह शाम जब सैकड़ो की संख्या में चमगादड़ तालाब के उपर उड़ान भरते थे तो आसमान छा जाता था। इनका कलरव इस साल बार सुनाई नहीं दे रहा है। तालाब की सफाई कार्य के कारण पानी निकालने से इनकी संख्या में अभूतपूर्व कमी दिख रही है। पाली क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में चमगादड़ों की मौत के बाद वन विभाग के अफसर गांव पहुंचे। जहां मृत चमगादड़ों को एकत्र किया गया। रविवार को पशु चिकित्सक चमगादड़ों के शव का पोस्टमार्टम करेंगे। पोस्टमार्टम उपरांत मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# प्रतिबंध से पहले रेत स्टॉक करने में लगे माफिया

**कोरबा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की व्यवस्था के अंतर्गत 15 जून से 15 अक्टूबर तक देश भर में नदी नालों से रेत खनन और परिवहन जैसी गतिविधियां प्रतिबंधित हो जाएगी। यह तारीख काफी नजदीक है। कोरबा जिले में पहले से ही बेलगाम बने हुए रेत माफियाओं और उनके लिए काम करने वाले चेहरों ने अब जोर-जोर से रेत की चोरी करने के साथ स्टॉक करना शुरू कर दिया है ताकि आने वाले समय में इसके जरिए भरपूर कमाई की जा सके।

कोरबा जिले में रेत के काले कारोबार में आम से लेकर खास तक शामिल हैं। जिले का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर रेत का अवैध कारोबार न हो रहा हो। जिले में अब तो आधी रात रेत माफिया सक्रिय हो गए है। शहर और गांव की गलियों में रात भर रेत से भरे टैक्टर दौड़ रहे है। रेत से लोड ट्रैक्टर रात 12 बजे हसदेव नदी के किनारे सर्वमंगला नगर, नदियाखार, ढेंगुरनाला, धवईपुर, जुराली, पौडी उपरौड़ा में तान नदी से और कटघोरा में अहिरन नदी से रेत भरकर धमाचौकड़ी मचाते हुए निकलते हैं। रात के सन्नाटे के बीच रेत की



चोरी करने के लिए रेत माफिया सक्रिय हो जाते है । ट्रैक्टरों के माध्यम से मध्य रात से सुबह 5 बजे तक बेखौफ तरीके से रेत का परिवहन आसपास के क्षेत्रो में की जाती है। रेत माफिया को अब न तो पुलिस का खौफ है और न खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारियों का। क्योंकि रेत माफिया इन विभागों के अधिकारियो से सांठगांठ कर अपना काम चला रहे है तभी तो आधी रात बेधड़क सप्लाई हो रही है। यह बात अलग है कि कोरबा जिले में कुछ मौका पर रेत तस्करों के विरुद्ध प्रशासन की ओर से कार्रवाई जरूर हुई है लेकिन वह ना के बराबर है।

ऐसे मामलों में काफी कम पेनल्टी किए जाने से माफियाओं के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। खनिज विभाग और प्रशासन की ढीली पकड़ के कारण रेट तस्कर काली कमाई करने में व्यस्त है।

### सफेदपोश भी इस काम में शामिल

कोरबा जिले की विभिन्न क्षेत्रों में रेत की तस्करी काफी समय से चलती रही हैं और इस पर अलग-अलग कारण से सवाल भी खड़े होते रहे हैं। अनुमान है कि हर महीने लाखों की रेत की चोरी करने के साथ सरकार को चपत लगाने का काम तस्करी करने वाला वर्ग कर रहा है। सूचनाओं के अनुसार रेत की तस्करी के इस काम में प्रमुख राजनीतिक दलों से जुड़े हुए चेहरे अपनी भूमिका निभा रहे हैं। शायद यही कारण है कि चाह कर भी बड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।





## भू-विस्थापितों ने कराया खदान बंद

**कोरबा।** नरईबोध गांव के निकट कोयला खदान के संचालित होने से ग्रामीणों (भू-विस्थापित) की समस्या बढ़ गई है। हैवी ब्लास्टिंग से उनके घरों में दरारें आ रही है। साथ ही पानी की किल्लत भी उत्पन्न हो गयी है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए यहां के लोगों द्वारा प्रबंधन से मांग की जाती रही है लेकिन प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने पर आज गांव के लोगों ने खदान के मुहाने पर प्रदर्शन करते हुए ओबी व अन्य कार्य को बंद करा दिया।

## हैण्डपंप से पानी ला रहे कोयला कामगार

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित सुभाष ब्लाक कालोनी के आवासों में नल लगा हुआ है लेकिन इन नलों से काफी कम पानी आ रहा है। तीन दिनों से कोयला कामगार आसपास में लगे हैण्डपंप से पानी भरकर ला रहे है। इस संबंध में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के शैलेंद्र सिंह ने प्रबंधन को अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि गर्मी के इस मौसम में कोयला कामगारों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। नलों में पानी कम आने से कोयला कामगार हैण्डपंपों से पानी लाने के लिए मजबूर है। उनका कहना है कि कुद खराबी होने की वजह से यह सब हो रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रबंधन को इस मामले में तत्काल ठोस निर्णय लेना होगा। भारी गर्मी में कुलर में पानी भरने के लिए दिक्कतें हो रही है। पानी कम मिलने से कोयला कामगारों में आक्रोश बड़ता जा रहा है। पहली बार इस तरह की समस्या हुई है।

## श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के नाहटा अध्यक्ष



**कोरबा।** श्री जैन समाज जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा कोरबा का चुनाव सर्वमत्ति से 30 मई गुरुवार को सम्पन हुआ। जिसमें 2024-2026 तक के लिए अध्यक्ष रणजीत नाहटा,उपाध्यक्ष कमल बैद, मंत्री प्रकाश कोचर,कोषाध्यक्ष गौरव कोचर को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर तेरापंथ समाज के वरिष्ट सदस्य मोहन लाल जैन विशेष रुप से उपस्थित थे।

# फायर एक्सटिंग्विशर का कैसे करें उपयोग, बताया पुलिस ने

### जागरूक्ता अभियान पर काम

**कोरबा।** तापमान का पारा ऊपर चढ़ने के साथ कई प्रकार की स्थितियां निर्मित हो रही है और ऐसे में कहीं भी आग लग सकती है। लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। अग्नि दुर्घटनाओं की स्थिति में लोग हिम्मत से काम लेकर कैसे नियंत्रित कर सकते हैं, कटघोरा में पुलिस ने आम लोगों को संक्षिप्त कार्यक्रम में फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करने के बारे में जानकारी दी।

पुलिस को अग्नि दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव और राहत को लेकर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। जनसाधारण को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी उसे मिली हुई है। कटघोरा पुलिस थाना परिसर में रविवार को सुबह इसी अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम रखा गया। अलग-अलग वर्ग से संबंध रखने वाले लोगों को यहां आमंत्रित किया गया। मौजूदा सीजन से जुड़ी चुनौतियों और इसके खतरों के बारे में चर्चा के साथ समाधान के रास्ते भी बताए गए। यहां पर प्रशिक्षित पुलिस कर्मी के द्वारा लोगों को



बताया गया कि जिन स्थानों पर फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध है ,उसका उपयोग बड़े आसान तरीके से कर सकते हैं। इसकी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ यह भी कहा गया कि ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान धैर्य और हिम्मत दिखाने की जरूरत होती है। कई और सलाह लोगों को दी गई और उनसे कहा गया की दुर्घटना की स्थिति में पुलिस को सूचना देने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन भी करें। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से भी अनेक मामलों में अच्छे परिणाम आए हैं और सकारात्मक भावना के साथ स्थितियों को बेहतर किया जा सकता है।

## सलियाभाठा जंगल में आधी रात को पुलिस की दबिश, 12 जुआड़ी पकड़ाए



**कोरबा।** गर्मी के सीजन में भले ही आम लोग परेशान है लेकिन शातिर जुआड़ी राहत महसूस कर रहे है। सलियाभाठा जंगल में उनकी नियमित पहुंच होने की सूचना पर पाली पुलिस ने आधी रात को दबिश दी। यहां से 12 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया गया है। पाली टीआई चमन सिन्हा ने बताया कि कुछ दिनों से इस बारे में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। संज्ञान लेने के साथ इसकी पुष्टि कराई गयी। पिछली रात्री को पता चला कि जंगल में दो स्थान पर जुआड़ियों का डेरा लगा हुआ है और वे पूरे इंतजाम के साथ यहां आये हुए है। अधिकारियों को अवगत कराने और उनका मार्गदर्शन लेने के बाद एएसआई अशोक खाण्डेकर के नेतृत्व में टीम मौके में भेजी गयी। वहां पर 12 जुआड़ीयों को दबोचा गया। एक फड़ से 4250 रूपये और दूसरी फड़ से 3110 रूपये नगदी रकम, ताशपत्ती, मोमबत्ती और सुविधा के लिए लाई गयी सामाग्री जब्त की गई है। जुआड़ी कोरबा और आसपास के क्षेत्र के बताये गये है। उनके खिलाफ जुआ एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

## छिरहापारा में घुसा लोनर

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में पिछले दो दिनों से सक्रिय लोनर हाथी बीती रात यहां के छिरहापारा में घुस गया। लोनर ने कपील नामक एक ग्रामीण के घर को तोड़ने का प्रयास भी किया। लेकिन उसकी निगरानी में जुटे अमला के तत्काल पहुंच जाने पर वह घर को नहीं तोड़ पाया और उसे खदेड़ दिया गया।

ऊं नमः शिवाय
प्लाट बेचना है
टी.पी.नगर कोरबा के बीचोबीच बड़ा प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
-संपर्क करें-
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# गर्मी का खौफ: अब ज्यादा हरियाली बिखेरने पर ध्यान



**कोरबा।** साल दर साल तापमान में हो रही बढ़ोतरी के कारण जनजीवन के सामने चुनौतियों का बढ़ना जारी है। वैश्विक जगत को इसका सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष कोरबा जिले में गर्मी के पिछले सभी रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहे हैं इसलिए अब अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने को लेकर लोगों में जागरूकता का स्तर कुछ बढ़ता हुआ दिख रहा है। मानसून सीजन में किस प्रकार से अधिक पौधों का रोपण धरती पर हो सके, इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। साथ ही अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

पिछले वर्षों में मानसून सत्र के दौरान पौधारोपण करने के लिए केवल सरकारी तंत्र ही सक्रिय नजर आया है ।जबकि कुछ मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों ने भी अपनी ओर से इस दिशा में कोशिश की है लेकिन धरातल पर जीवित वर्षों की संख्या बाद के दिनों में बहुत ज्यादा नहीं रह सकी और विकास की अंधी दौड़ में अधिकतम संख्या में वृक्षों की कटाई के कारण भी विपरीत स्थितियों निर्मित हुई है ।यह सिलसिला लगातार चलने की बात भी कहीं जा रही है। इस प्रकार कि मनमानी प्रतिस्पर्धा के कारण हर कही परेशानियां है। इसके चलते गर्मी के मौसम में तापमान का स्तर 50 डिग्री के आसपास पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। कोरबा समेत आसपास के क्षेत्र में इसी प्रकार की स्थिति है। हालात ने लोगों को न केवल डराया है बल्कि भविष्य को लेकर चेतावनी दी है । इसलिए सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन करने की मानसिकता नागरिकों के संगठन ने बनाई है। योजना के अंतर्गत इस वर्ष कई लाख पौधों का रोपण कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। पौधे जुटाने से लेकर उन्हें लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प इस अभियान के अंतर्गत होना है। संगठनों का कहना है कि जब तक सरकार के भरोसे रह जाएगा पर्यावरण की स्थिति इसी प्रकार की रहेगी और आने वाले समय में गंभीर परिणाम का सामना करने के लिए तैयार होना पड़ेगा । इसलिए हर व्यक्ति को इस प्रकार के अभियानों से न केवल जुड़ने की जरूरत है बल्कि उन्हें अपने आसपास के क्षेत्र की खाली जमीन में भी हरियाली बिखरने के बारे में जमीनी स्तर पर जरूरी कदम उठाने होंगे।

### 25000 का लक्ष्य

पर्यावरण सबकी जरूरत है। इसकी रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कोरबा जिले में इस वर्ष 25000 पौधों का रोपण करना सुनिश्चित किया है। पर्यावरण दिवस से इसकी शुरुआत की जाएगी। पौधों की सूरक्षा के लिए ट्रीगार्ड जरूरी है।

**कैप्टन मुकेश अदलखा**
पर्यावरण प्रमुख आरएसएस

### संरक्षण पर देंगे जोर


भारत विकास परिषद पिछले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाता रहा है। इस बार भी कुछ क्षेत्रों को चिन्हित करने के साथ वहां पर्यावरण के अनुकूल पौधों का रोपण किया जाएगा। इनका संरक्षण हो, इस पर भी काम करेंगे।

**एमडी माखीजा**
प्रतिनिधि, भारत विकास परिषद

### औषधिय पौधों से लाभ

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए औषधि महत्व के पौधे काफी महत्व रखते हैं। उनकी छाया से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में इनका उपयोग सर्वाधिक है। हमारा संगठन वर्षा काल में इस तरह के पौधों का रोपण करेगा।

**डॉ नागेंद्र शर्मा**
सचिव, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com